


# हरिभूमि रायपुर भूमि



- मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन चलाने के औचित्य पर सवाल
- निगम का अजब-गजब तरीका, धूप निकलते ही धूल ही धूल
- सफाई कर्मचारी सड़क पर लगा रहे झाड़ू, धूल डिवाइडर में छोड़ रहे

## एक माह की घनघोर बारिश में भी चली धूल साफ करने वाली मशीन, खर्च हो गए एक करोड़

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

बरसते पानी में कोई आपसे पूछे कि शहर की सड़क पर धूल जम सकती है, आप कहेंगे ना, पर नगर निगम प्रशासन को शहर की सड़कों पर धूल भी दिख रही और उसे साफ करने मशीन भी चलवा रहे हैं। अचंभे की बात ये है 1 माह की बारिश में 1 करोड़ सड़क पर जमी धूल साफ करने में लग गये। यानी 1 साल में 11 करोड़ 64 लाख रुपये से ज्यादा की रकम इस पर खर्च हो रही है। शहर की चुनिंदा सड़कों पर धूल साफ करने बाहर की एक एजेंसी के साथ निगम ने 4 साल के लिए अनुबंध किया है। रायपुर के साथ बिलासपुर में भी सड़क की सफाई ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 4 साल के लिए 46.57 करोड़ में अनुबंध

सूत्रों के मुताबिक रोड स्वीपिंग मशीन से शहर की चयनित सड़कों की सफाई कराने साल 2021 में मेयर इन काउंसिल से प्रस्ताव पारित हुआ। इसके बाद सामान्य सभा में प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा गया। 4 साल के लिए संबंधित एजेंसी के साथ अनुबंध हुआ। इस कार्य के एवज में अनुबंधित एजेंसी को निर्धारित समय अवधि में 46.57 करोड़ का भुगतान होगा।


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003, 98062 87706
Website : ssscn.ac.in

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सैनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314, 9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24


संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा- लेटलतीफी व अनुपस्थिति का सिस्टम सुधारा जाएगा

## अब तक 54 को दिया नोटिस, कमिश्नर ने कहा- लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं, हाजिरी ऑनलाइन कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधुनिकीकरण के जमाने में धीरे-धीरे सभी चीजें ऑनलाइन होते जा रही हैं। यहां तक कि कई सरकारी दफ्तरों से लेकर निजी संस्थाओं में कर्मचारियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति का रिकॉर्ड रखने के साथ निगरानी रखने के लिए बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम लगाए जा चुके हैं, लेकिन प्रदेश की राजधानी रायपुर का जिला कलेक्टोरेट में ही अब तक यह सिस्टम लग नहीं पाया है, जिसके कारण सुबह 10 बजे का सिस्टम भी सुधर नहीं पा रहा है। इधर नवनियुक्त संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में अधिकारी-कर्मचारियों की लेटलतीफी को लेकर कहा कि इस सिस्टम को पूरी तरह से सुधारा जाएगा। अब तक 54 को नोटिस जारी किया गया है। भविष्य में भी सख्ती बरतेंगे।

इसके लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम या मोबाइल एप शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनके दफ्तर में भी अब तक ऑनलाइन अटेंडेंस की सुविधा शुरू करने की पहल नहीं की गई है, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बायोमेट्रिक सिस्टम या मोबाइल एप से आने-जाने के समय की होगी निगरानी

अटेंडेंस के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम या मोबाइल एप के शुरू होने से लेटलीतीफी और समय से पहले दफ्तर से गायब होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की भी निगरानी होगी। इससे सभी के आने-जाने की ऑनलाइन एंट्री होगी, जिससे आने और जाने का समय भी रिकॉर्ड होगा। इस रिकार्ड के आधार पर ही सभी का मासिक वेतन बनेगा।

**कलेक्टोरेट में ही अब तक यह सिस्टम लग नहीं पाया**




हरिभूमि

शनिवार, रविवार छुट्टी, कमिश्नर सोमवार जांच करने पहुंचे तो थोक में गायब मिले कर्मचारी-अधिकारी

### पुराने ढर्रे पर चल रहा अटेंडेंस लगाने का सिस्टम

बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं लगाने के कारण रायपुर संभाग के कई जिलों के कलेक्टोरेट में अभी भी पुराने ढर्रे पर ही अटेंडेंस लगाने का सिस्टम चल रहा है। अधिकारी-कर्मचारियों खुद से रजिस्टर में आने-जाने के समय की एंट्री कर रहे हैं। यही कारण है कि लेट से आने और समय खत्म होने के पहले ड्यूटी से गायब होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की भी एंट्री रजिस्टर में सही पाई जाती है।

### शुक्रवार को हाफ टाइम बाद गायब होने पर लगेगी रोक

ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम शुरू होने से शुक्रवार को हाफ टाइम के बाद अधिकारी-कर्मचारी भी ड्यूटी से गायब नहीं हो पाएंगे और गायब हुए भी, तो उन्हें छुट्टी होने के समय अटेंडेंस लगाने के लिए दफ्तर में लौटना होगा। इस तरह किसी भी स्थिति में कर्मचारियों को अटेंडेंस के लिए शाम 5.30 बजे तक दफ्तर में रुकना पड़ेगा।

### 54 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी, 3 दिन के भीतर देना है जवाब

संभाग कमिश्नर के निर्देश पर समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने वाले 54 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें 33 अधिकारी-कर्मचारी कृषि, नगर ग्राम एवं निवेश तथा सहकारी समितियों के पंजीयक विभागों के है, वहीं 21 कर्मचारी जिला अस्पताल के है, जो रेडियोग्राफर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, वाहन चालक, ऑक्सीजन ऑपरेटर, प्रयोगशाला सहायक, वार्डबॉय, लॉड्री मशीन ऑपरेटर, सफाईकर्मी है। सभी को नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

## छत्तीसगढ़ के डीलरों के भी हीरो ईवी में फंसे 50 करोड़


हरिभूमि

छत्तीसगढ़ समेत देशभर के डीलर्स ने हीरो ईवी के खिलाफ खोला मोर्चा

500 करोड़ बकाया लेने धावा

- गुरुग्राम में कंपनी दफ्तर के सामने चल रहे आंदोलन में प्रदेश के दर्जनभर डीलर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दोपहिया ई-वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड देशभर के डीलरों के करीब 500 करोड़ वापस नहीं दे रही है। इसमें छत्तीसगढ़ के 28 डीलरों के भी करीब 50 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। अपने पैसों की मांग को लेकर देशभर के डीलरों ने बीते तीन दिनों से कंपनी के गुरुग्राम के दफ्तर में आंदोलन कर रखा है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी करीब एक दर्जन डीलर शामिल हैं। सभी का एक स्वर में कहना है, अपने पैसे लेकर ही आंदोलन को समाप्त करेंगे। हालांकि कंपनी के नवीन मुंजाल से कोई सार्थक बात नहीं हो ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पैसे वापस देने के लिए तैयार नहीं हैं मुंजाल

डीलरों के प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी से बात की है। वर्ल्ड फेडरेशन जेईईवी और वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत बंसल के मुताबिक कंपनी के नवीन मुंजाल पैसों को लेकर किसी भी बात से सहमत नहीं हो रहे हैं। हम लोगों ने उनसे मुलाकात करके बात की और अपना पैसा मांगा। बातचीत में हमने कहा हमें अभी आधे पैसे ही दे दें, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। इसके बाद 25 फीसदी पैसों की मांग की गई, उसके लिए भी तैयार नहीं हुए। हमने एक माह में पैसे देने की बात की, इसके बाद दो माह का समय भी दिया।

### खबर संक्षेप

**रंजिश में महिला को पीटा**

रायपुर। आमानाका थाने में हीरापुर निवासी संगीता विश्वकर्मा ने सलमान खान उर्फ शेरू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक महिला ने पुलिस को बताया कि सलमान ने उसके पति के साथ शराब पीने के बाद आपसी रंजिश को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

**चोरी ऊपर से सीनाजोरी दो के खिलाफ केस दर्ज**

रायपुर। मालवीय रोड जैसे व्यस्ततम इलाकों में बीच रास्ते ई-रिक्शा खड़ा कर आवागमन को बाधित करने वाले दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मी ने जब उन्हें गाड़ी हटाने कहा तो आरोपी विवाद करने लगे। मधुसूदन बाघ तथा अनीश बक्श के खिलाफ धारा 285 बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ 14 राज्यों में 50 से अधिक ठगी का अपराध दर्ज

## शेयर ट्रेडिंग के नाम से डॉक्टर से तीन करोड़ की ठगी, आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर ट्रेडिंग के नाम से तीन करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के एक शातिर को रेंज साइबर पुलिस की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी गिरोह के जिस जालसाज को गिरफ्तार किया है, उस गिरोह के खिलाफ 14 राज्यों में करोड़ों की ठगी के 57 अपराध दर्ज हैं। गौरतलब है कि रेंज साइबर थाना को अस्तित्व में आए शनिवार को एक वर्ष कंपलीट हुआ है। इन एक ▶▶|शेष पेज 13 पर

- गिरफ्तार आरोपी जालसाजों को अकाउंट उपलब्ध कराने का काम करता था



### अकाउंट मैनेज करता था आरोपी

ठगी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी महज 19 साल का है, वह बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी के लिए संचालित गिरोह के लिए अंकित अकाउंट उपलब्ध कराने का काम करता है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले जालसाज गिरोह में सभी लोगों का अपना अलग-अलग काम बंटा हुआ है।

### लालच में आकर पैतृक जमापूंजी लुटाई

जिस डॉक्टर के साथ ठगी की घटना हुई है, उस डॉक्टर ने दिसंबर 2023 में फेसबुक में गोल्ड निवेश में शेयर ट्रेडिंग करने संबंधित एक विज्ञापन देखा। झांसे में आकर डॉक्टर ने विज्ञापन के एप को क्लिक किया। इसके बाद डॉक्टर को एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। वाट्सएप ग्रुम में जुड़ने के बाद ग्रुप में शामिल लोगों ने शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने संबंधित स्क्रीनशॉट ▶▶|शेष पेज 13 पर

## बारिश थमी तो निकली चमकीली धूप, अब नए सिस्टम का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश थमने के बाद शनिवार को निकली चमकीली धूप ने लोगों को काफी सुकून दिया। लंबे समय से लगातार हो रही वर्षा से लोग तंग हो चुके थे, क्योंकि इसकी वजह से कामकाज नहीं हो पा रहा था। अब जोरदार बारिश के लिए बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने तक इंतजार करना होगा। धूप निकलने के बाद दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर 33 डिग्री के पार हो चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले तीन-चार दिनों तक यहां भारी वर्षा होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। हल्की से मध्यम बारिश सरगुजा संभाग और उसके आसपास हो सकती है। अभी मानसून द्रोणिका बीकानेर, रोहतक, फतेहगढ़ होते हुए बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। एक चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तरप्रदेश के ऊपर बना हुआ है, मगर इसका कोई खास असर प्रदेश में होने की संभावना नहीं है।

**तापमान बढ़कर 33 डिग्री के करीब**



भाजपा ने बूथों में बांटने के लिए सूरत, हैदराबाद नागपुर और दुर्ग से खरीदे हैं 12 लाख तिरंगे

## हर घर तिरंगा ने बढ़ाई ऐसी डिमांड, कीमत अब डबल, 11 वाला मिल रहा 20 रुपए में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के कारण देशभर में तिरंगों की डिमांड इतनी ज्यादा हो गई है कि एक तो इसकी सप्लाई नहीं हो पा रही है, साथ ही इसकी कीमत भी अब डबल हो गई है। अपने प्रदेश में ही इस बार 50 लाख से ज्यादा तिरंगों की जरूरत है। सूरत से पहले जो 20 बाई 30 वाला तिरंगा 9 रुपए में आता था, अब 18 रुपए में आ रहा है। यहां पर यह थोक में 20 रुपए में बिक रहा है। पहले यह 11 रुपए में बिकता था। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रदेश के करीब 25 हजार बूथों में 12 लाख से ज्यादा तिरंगे बांट रहा है। इसी के साथ भाजपा के विधायक, सांसद और अन्य ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सूरत से पहले 9 रुपए में आता था, अब 18 रुपए में आ रहा

### भाजपा को लाखों तिरंगों की जरूरत

भाजपा को हर घर तिरंगा अभियान के लिए ही सबसे ज्यादा लाखों तिरंगों की जरूरत है। भाजपा का प्रदेश संगठन ही 12 लाख से ज्यादा तिरंगे बूथों में भेज रहा है। इसके लिए भाजपा ने सूरत, हैदराबाद, नागपुर और दुर्ग से तिरंगे खरीदे हैं। अभियान के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया, इन स्थानों से जैसे-जैसे तिरंगे आ रहे हैं, उनको भाजपा कार्यालय से जिलों में भेजने का काम हो रहा है। सरगुजा, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कीमत डबल

सूरत से आने वाला तिरंगा पहले 9 रुपए में आता था, वह अब 18 रुपए में आ रहा है। इसको यहां पर थोक में 20 रुपए में बेच रहे हैं। चिल्हर में यह 22 से 25 रुपए में बिक रहा है। हमारी दुकान से इस बार तीन लाख तिरंगे बेचे गए हैं। पहले 15 अगस्त में 10 हजार से ज्यादा नहीं बिकते थे।

\- महेंद्र कोचर
थोक कारोबारी, रायपुर




## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा के सावन महोत्सव में सीएम साय भी होंगे शामिल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा रविवार को सावन महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। इसी के साथ राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की पदाधिकारी शामिल होंगी। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें सावन रानी और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला कार्यकर्ता और बहनें भाग ले सकती हैं। मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता दुग्गल (पूर्व सांसद, हरियाणा), कौशल्या साय (मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी), भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य पूजा विधानी और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रहेंगी।



### अपर कलेक्टर राठौर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने गुढ़ियारी के नया तालाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उन्होंने यहां आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

### विमोचन समारोह आज

**रायपुर।** साहित्य विधा समूह रायपुर के संचालक मंडल की ओर से साझा संस्मरण संग्रह का विमोचन समारोह 11 अगस्त को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार, विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर प्रदीप यदु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाषाविद डॉ. चितरंजन कर करेंगे। इस मौके पर वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर व लेखक शिव ग्वालानी, साहित्यकार रामेश्वर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** पंडरी के पुराना बस स्टैंड स्थित मिनीमाता प्रतिमा स्थल पर रविवार को प्रथम महिला सांसद व समाज सुधारक मिनीमाता की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया गया है। पाइप लाइन लीकेज मरम्मत आनंदनगर गुरुद्वारा के पास 80 एमएलडी फिल्टर प्लांट की राइजिंग मेन लाइन में अचानक लीकेज होने से तेलीबांधा, शंकरनगर, खमतराई, पुराना भनपुरी की पानी टंकी में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। लीकेज मरम्मत का काम पूरा होने के बाद संबंधित पानी टंकियों में सोमवार को सुबह जल आपूर्ति की जाएगी।

# कांग्रेस-भाजपा का एक-दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप

## आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में नहीं गए सरकार के प्रतिनिधि : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विश्व आदिवासी दिवस पर रायपुर में आयोजित दो कार्यक्रमों में सरकार के प्रतिनिधि नहीं गए। कांग्रेस ने भाजपा पर आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है, जो अब भाजपा के इस कदम से नाराज है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, अफवाह व भ्रम फैलाकर अब कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस को लेकर ओछी राजनीति कर रही है। दीपक बैज भी अब आलाकमान के सामने अपना नंबर बढ़ाने की कवायद करके सत्य और तथ्य से परे बातें करने लगे हैं।



### कांग्रेस मुद्दा विहीन : ठाकुर

श्री ठाकुर ने कहा, दरअसल कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा है नहीं, इसलिए बेबुनियाद बयानबाजी कर अपने राजनीतिक वजूद की आखिरी लड़ाई से जूझ रही है। कांग्रेस के लोग पहले अपने और अपनी पिछली भूपेश सरकार के आदिवासी विरोधी कारनामों को याद कर लिया करें। उन्होंने कहा, आदिवासी महिला जब राष्ट्रपति बन रही थी, तो कांग्रेस ने पूरा विरोध किया और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति नहीं बनने देने के लिए पूरा दम लगाया और पूरी कोशिश की कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति न बन पाए। भाजपा ने ही आदिवासियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, एक आदिवासी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, यह सही मायने में आदिवासियों का सम्मान है।



### बिरसा मुंडा जयंती मनाएगी भाजपा

श्री ठाकुर ने कहा, वर्ल्ड इंडीजेनस डे का भारतीय संस्कृति के हिसाब से यहां कोई बड़ा महत्व नहीं है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को धूमधाम से मनाएगी जो आदिवासी समाज से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। कांग्रेस को पचास वर्ष तक आदिवासियों का शोषण करने, उन्हें अपमानित करते रहने के लिए प्रायश्चित करना चाहिये।

### भाजपा का असली मकसद समझ गए आदिवासी- बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा ने पिछले पांच सालों में आदिवासियों को अलग-अलग मुद्दों पर भटकाया और कांग्रेस के ख़िलाफ़ खड़ा किया। नतीजा यह हुआ कि बहुत सी आदिवासी सीटों पर भाजपा को सफलता मिली। भाजपा के इस बहिष्कार ने आदिवासी समाज की आंखें खोल दी हैं और अब वे भाजपा के असली मकसद को समझ गए हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा से जवाब से पूछा है कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ क्यों है?

### विधानसभा की जांच समिति ने पांचों संभाग के अफसरों की ली बैठक

# अरबों रुपए का राशन घोटाला जांच समिति ने पूछे 16 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटाले के मामले में 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में समिति ने पांचों संभागों के फूड अफसरों की बैठक ली थी। बैठक में सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

सूत्रों ने बताया है कि जांच समिति ने जो जानकारी मांगी है, उसमे माह सितंबर 2022 में प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में बीते तीन साल से दिए गए सौ फीसदी कोटा के दिए जाने के बाद बचे चावल, शक्कर आदि की मात्रा की जानकारी मांगी गई है। माह अप्रैल 2022 में दो माह का कोटा एक साथ दिए जाने और वितरण, जनवरी 2022 से जनवरी 2023 तक चावल वितरण, जिन राशन दुकानों में चावल बचा था, उनको फिर से दिए गए चावल की जानकारी मांगी गई है। प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकानों में तीन से पांच महीने का कोटा दिए जाने के बाद दो अरब रुपए के बचत स्टॉक की कालाबाजारी को खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने विधानसभा में स्वीकार किया है। इसकी राजस्व वसूली और बाजार से खरीद कर रखने के संबंध में जानकारी मांगी गई है। सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकर मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।

### 13 हजार दुकानों का बचत स्टॉक, घोषणापत्र गायब

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 2016 में पारदर्शी सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश बनाकर आदर्श वितरण प्रणाली लागू की थी। इस प्रणाली ने देश में छत्तीसगढ़ राज्य को पहले स्थान पर स्थापित किया था। कांग्रेस शासन काल में छत्तीसगढ़ राज्य 19वें स्थान पर नीचे चला गया था। बताया जा रहा है कि खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी द्वारा मामले में बवाल मचने पर प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों का बचत स्टॉक का घोषणापत्र गायब करा दिया गया है।

# बृजमोहन बोले-छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने सात हजार करोड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को नई दिल्ली से लौटने पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है और इसके प्रमाण समय-समय पर आते रहते हैं। लोकसभा में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के साथ उन्होंने बताया, केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने पर चर्चा भी की, जिसका परिणाम भी जल्द ही देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने 7 हजार करोड़ दिए हैं। कांग्रेस के समय में तो पांच साल में 300 करोड़ मिलता था। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, पहले विधायक था तो विधानसभा का नेता था, अब पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया, संसद का अनुभव बहुत अच्छा रहा। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया, सदन में रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा रेलवे की समस्या और विस्तार का प्रश्न उठाया। इस पर आश्वासन दिया गया है कि बहुत जल्द ही ट्रेन रद्द और लेटलतीफी का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में तीसरी पटरी बिछाने का काम चल रहा है, इसलिए दिक्कत हो रही है। पहले जिस काम में चार दिन लगता था अब तकनीक का उपयोग करके तीन दिन में करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया, रेलवे की लगभग 22 परियोजनाएं चल रही है। रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।

### नक्सलियों से मिली हुई है कांग्रेस

छत्तीसगढ़ में नक्सली घटना को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। कांग्रेस ने पांच साल में जितने नक्सलियों को नहीं मारा, उससे ज्यादा हमने छह महीने में मार गिराए हैं। उन्होंने कहा, हम तो पहले से कहते रहे हैं कि कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है। अब गिरफ्तारी भी हो रही है और प्रमाण भी मिल रहे हैं। कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है इसका प्रमाण समय समय पर सामने आता है। छत्तीसगढ़ी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, अभी सिर्फ दो माह ही हुए हैं सांसद बने। छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल होना चाहिए। ये मांग आगे हम उठाएंगे। उन्होंने कहा, बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से बात की है।

## पार्षदों ने किया आदि योगी का दर्शन

**रायपुर।** बेंगलुरु और मैसूर की शैक्षणिक यात्रा पर गए रायपुर नगर निगम के पार्षदों ने शनिवार को सावन माह में बाबा भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा आदि योगी का दर्शन किया। संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षद प्रकाश जगत, पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, राजा बंजारे, मनीराम साहू ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। महापौर एजाज ढेबर सहित नगर निगम के 50 पार्षद और निगम के 15 अधिकारी इन दिनों शैक्षणिक प्रवास पर हैं।



# प्रौढ़ अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी लकड़ी से सीखेंगे अक्षर व अंक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा से वंचित लोगों को अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी, लकड़ी, खेत-खलिहान आदि के माध्यम से अक्षर व अंक ज्ञान से जोड़ा जाएगा। उन्हें जीवन की चुनौतियों से निपटने का समाधान बताने जीवन कौशल से भी परिचित कराया जाएगा। खेल व गीत के माध्यम से कक्षा को रोचक बनाया जाएगा। असाक्षर लोगों के लिए यह कवायद राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण व एससीईआरटी द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जाना है। इस साक्षरता अभियान के जरिए प्रत्येक उम्र के साक्षर व्यक्तियों को शिक्षित करने प्रयास होंगे।

- शिक्षकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण, शिक्षा से वंचित लोगों को सिखाएंगे जीवन कौशल

असाक्षरों को शिक्षित करने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे चीजों को जल्द से जल्द से सीख सकें और लंबे वक्त तक उन्हें याद रखें। इस अभियान से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए खास कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है, जहां उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह से इन चीजों का प्रयोग करते हुए लोगों को साक्षर बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति संबंधित शिक्षकों तक इस योजना को पहुंचाएगा।

### शपथ, गीत, प्रार्थना सहित खेल गतिविधियां

राज्य स्तरीय कार्यशाला इस दौरान इसके प्रशिक्षण के लिए आयोजित होगी। साक्षरता कार्यक्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए भी प्रशिक्षकों को प्रेरित किया जाएगा। उल्लास शपथ, उल्लास गीत, उल्लास ताली, सर्वधर्म प्रार्थना, प्रेरणा गीत भी साक्षर कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। शिक्षकों को साक्षरता का महत्व बताने के साथ उल्लास के लिए वातावरण निर्माण के नवाचारी तरीके, सीखने-सिखाने के नवाचारी तरीके भी बताए जाएंगे। दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ने में परेशानी होती है। ऐसे में उन्हें अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने टिप्स दिए जाएंगे।

### क्यूआर कोड पर उपलब्ध रहेगी सामग्री

दीक्षा पोर्टल में इससे संबंधित सामग्री उपलब्ध है। क्यूआर कोड के माध्यम से इस सामग्री का अध्ययन किया जा सकता है। एनसीईआरटी के यू-ट्यूब चैनल, उल्लास ऐप में भी पाठ्य सामग्री मौजूद है। इसका भी उपयोग शिक्षण में किए जाने की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। असाक्षरों को अक्षर ज्ञान प्रदान करने के अलावा उन्हें जीवन कौशल भी सिखाया जाएगा। इसमें वित्तीय साक्षरता से लेकर कई ऑनलाइन चीजें शामिल हैं।

**महीनेभर में 15 से ज्यादा लोगों की मानव-हाथी द्वंद्व में मौत**

# पांच साल से हाथियों में रेडियो कॉलर लगाना बंद, हादसे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के अलग-अलग वनमंडलों में वर्तमान में साढ़े तीन सौ के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका उत्तरी छत्तीसगढ़ है। मानव-हाथी द्वंद्व के कारण पिछले एक महीने में 15 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। राज्य में पिछले दो माह में मानव हाथी द्वंद्व की समस्या बढ़ी है। इसकी वजह जानकार हाथियों के मूवमेंट की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं होना बता रहे हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की गिनती हाथी प्रभावित राज्यों के रूप में होती है। हाथियों की वास्तविक लोकेशन रेडियो कॉलर के माध्यम से ट्रैक हो सकती है। राज्य में पिछले पांच वर्षों से रेडियो कॉलर लगाने का काम बंद है। इसके कारण हाथियों के दल का सही लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। शुक्रवार को जशपुर वनमंडल के बगीचा नगर पंचायत के रहवासी क्षेत्र में घुसकर एक नर हाथी के कुचले जाने से चार लोगों की मौत की घटना सामने आई है। इसके एक दिन पूर्व कोरबा में मानव-हाथी द्वंद्व में तीन लोगों की मौत हुई है।

### इन जिलों में हाथियों का विचरण सबसे ज्यादा

हाथियों का सबसे ज्यादा विचरण क्षेत्र का इलाका राज्य के सरगुजा, जशपुर, कोरिया और कोरबा वनमंडल है। इन चार वनमंडल में मानव हाथी द्वंद्व से मौत की घटनाएं सबसे ज्यादा घटित हो रही हैं। जशपुर वनमंडल में 10 दिन पूर्व एप के माध्यम हाथी का लोकेशन ट्रैप करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

### लोकेशन ट्रेस करने तकनीक एकमात्र साधन

जानकार मानव-हाथी द्वंद्व रोकने तकनीकी मदद लेने की बात पर जोर दे रहे हैं। जानकारों के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन तथा वन्यजीवों की निगरानी के लिए एआई से लैस रिमोट सेंसिंग तथा ड्रोन मैपिंग कैमरा लगाए गए हैं, उसी तरह के उपयोग हाथी प्रभावित वनमंडलों में करने की बात पर जोर दिया है। इससे वनों में अवैध कब्जा से लेकर वनों की वर्तमान स्थिति के बारे में गूगल के माध्यम से जानकारी मिलती रहेगी। इसके साथ ही थर्मल ड्रोन तथा अलर्ट एप के माध्यम से हाथियों की निगरानी करने की बात जानकार कह रहे हैं।

### दल से भटकते नहीं, निकाले जाते हैं


हाथी मामलों के जानकारों के मुताबिक हाथी हमेशा समूह में रहते हैं। नर हाथी की उम्र 15 साल हो जाती है, इसके बाद दल में शामिल हाथी उस नर हाथी को दल से बाहर कर देते हैं। इसकी वजह नर हाथी का समूह के साथ किसी तरह से मैटिंग की स्थिति निर्मित न हो पाए। समूह में 15 साल रहने के बाद दल से निकाले जाने पर नर हाथी अवसाद में आ जाता है। इसके कारण घटनाएं घटित होती हैं।

### राज्य के हाथियों का महाराष्ट्र में डेरा

गौरतलब है कि राज्य के हाथियों का एक बड़ा समूह पिछले तीन वर्ष से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार डेढ़ हजार वर्ग किलोमीटर में एलिफेंट रिजर्व बनाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, बांधवगढ़ में राज्य के 50 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के अन्य वन मंडलों में भी राज्य के हाथियों की धमक है, लेकिन वहां हाथियों को अपने क्षेत्र में आने से रोकने लोग पटाखे चलाने के साथ अन्य गैर जरूरी उपाय कर रहे हैं। ऐसे में हाथी आक्रमक होकर मध्यप्रदेश से लौटकर यहां जनहानि की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एकसाथ कराने पर भूपेश बोले- संभव नहीं वन नेशन वन इलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को एक साथ कराने को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार वन नेशन वन इलेक्शनकैसे करा सकती है? चुनाव केवल पंचायत और नगरीय निकाय के नहीं होते। चुनाव विधानसभा के भी होते हैं और लोकसभा के भी। जो राज्य सरकार के हाथ में नहीं है, वे वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में क्या चर्चा करेंगे। इनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी। वन नेशन वन इलेक्शन संभव ही नहीं है।

संवाददाताओं से चर्चा में गौ-अभयारण को लेकर पूर्व सीएम ने कहा, एक भी जगह नहीं बना है। अभी जो मवेशी हैं, सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। सड़क पर जानमाल का नुकसान हो रहा है और खेतों में फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार हाथ पर हाथ धरी बैठी हुई है। किसी भी गांव में जाओ, 100-50 छोटे जानवर दिखेंगे ही। इससे एक तरफ जानमाल का नुकसान हो रहा है और गोबर जहां-जहां पड़े, वहां गंदगी फैल रही है, मच्छर पैदा हो रहे हैं और कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है।

### फोरपोल लगाने का काम तेजी से चल रहा : वर्मा

# कमल विहार को अंडरग्राउंड बिजली की समस्या से निजात दिलाने में जुटा सीएसपीडीसीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी उपलब्ध कराने के लिए चर्चित कमल विहार में आए दिन बिजली गुल होने से वहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के इस प्रोजेक्ट ने रहवासियों को तमाम तरह की सुविधाएं देने का वादा किया है, लेकिन अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम सिरदर्द बन गया था। आए दिन बिजली कटौती से वहां के रहवासी खासे परेशान थे। स्थिति यहां तक आ गई कि कमल विहार में लगे ट्रांसफार्मर यार्डों के खराब 11 केवी प्रोटेक्शन पैनल को फोरपोल डीओ यूनिट को बदलने तक की नौबत आ गई। लोगों की शिकायतें राज्य बिजली कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद और कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को मिलते ही सीएसपीडीसीएल और आरडीए के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति देखी। आरडीए ने इस खराबी को दूर करने बिजली कंपनी को 1.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया। समस्या को दूर करने सीएसपीडीसीएल तत्काल इस खराबी को दूर करने की तैयारियों में जुट गया और खराब ट्रांसफॉर्मर यार्ड को बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का तेजी से कराया जाने लगा। स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने बताया कि कमल विहार में अंडरग्राउंड बिजली सिस्टम में खराबी है, उसके कई ट्रांसफार्मर यार्ड खराब हुए हैं। कमल विहार के बिजली सिस्टम को दुरुस्त करने तेजी से काम कराया जा रहा है।

### तैयार कराए गए 17 पोल

मनोज वर्मा ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर यार्ड बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का काम तेजी से कराया जा रहा है। इनमें से 17 पोल दो से तीन दिनों के अंदर तैयार कराए गए। ठेकेदारों को इसके लिए टेंडर प्रक्रिया से काम दिया गया है। अगले 3 दिनों में सभी 27 फोरपोल का काम पूरा करा लिया जाएगा। काम पूरा कराने कमल विहार के किसी भी सेक्टर में शटडाउन लिया सकता है। सेक्टर वाइस शटडाउन की सूचना भी दी गई है।

## सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर बढ़ाये जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि इस योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं और बहुत सारे नये प्रकरण शामिल होना है। मार्च में अवकाश ज्यादा है, इसलिए इस योजना की समय अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 तक की जाये।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज व शास्ति के निपटान अधिनियम 2023 की तारीख को 31 दिसंबर तक बढ़ाने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पारवानी ने वाणिज्यिक कर मंत्री से अनुरोध किया है कि योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं, और अभी भी बड़ी संख्या में नए प्रकरण शामिल होना बाकी है। इसीलिए अधिक से अधिक व्यवसायिओं को योजना में शामिल होने का मौका देने इसकी अंतिम तारीख बढ़ाई जाये।

## खबर संक्षेप



### व्यापारी, किसान मजदूर, ग्राहकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

रायपुर। राजधानी थोक सब्जी मंडी, डूमरतराई, रायपुर में श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, किसान, मजदूर एवं ग्राहकों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। इस अवसर पर थोक सब्जी मंडी अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, उपाध्यक्ष राजा साहू, सचिव हरीश बाबरिया, संयुक्त सचिव अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, गजेंद्र अग्रवाल, विष्णु साहू, शेख अब्दुल्ला, प्रीतम केशवानी, सेवक मटलानी एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल से डॉ. सरस्वती शर्मा, प्रकाश बरसगढ़े सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### गोंदवारा से आज निकलेगी कांवड़ यात्रा



रायपुर। गोदेश्वर महादेव परिवार के नेतृत्व में 11 अगस्त को सुबह 10 से भगवान भोलेशंकर की कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शीतला मंदिर मंदिर तालाब से महादेवघाट हाटकेश्वर महादेव मंदिर के लिए निकलेगी। इस कार्यक्रम का प्रबंधन गोदेश्वर मंदिर के पूरन साहू और उनकी पूरी टीम द्वारा किया जा रहा है। इस यात्रा में पूरे गोंदवारा से सैकड़ों शिवभक्त शामिल होंगे। सभी भक्तों के लिए महादेवघाट में जल चढ़ाने के बाद महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

## निधन

### कुलावती तिवारी



रायपुर। भाठागांव निवासी कुलावती तिवारी (85) का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अगस्त को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राकेश तिवारी की माता एवं सौरभ तिवारी की दादी थीं।

### शीला भट्टाचार्य



रायपुर। एएसके रेसीडेंसी भाठागांव निवासी शीला भट्टाचार्य (83) का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अगस्त को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अरविंद भट्टाचार्य की माता, अमित व पल्लबी भट्टाचार्य की दादी थीं।

### तेजूराम तनेजा



रायपुर। तेलीबांधा निवासी तेजूराम तनेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अगस्त को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे जग्गू, सुभाष, अनिल, नानक, अजय, अशोक तनेजा, विजय रुचदानी के भाई और रूपेश तनेजा के पिता थे।

### अनिल कुमार शर्मा



रायपुर। सेवानिवृत्त भौमिकी तथा खनिकर्म के संयुक्त संचालक अनिल कुमार शर्मा (69) का 10 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अगस्त को दोपहर 1 बजे उनके निवास से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. रंजना शर्मा के पति एवं अमृता और अपराजिता के पिता थे।

# महाराजा प्लाजा कांप्लेक्स-समता परिसर सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, स्ट्रीट लाइट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-10 अंतर्गत महाराजा प्लाजा कांप्लेक्स से लेकर समता परिसर अमलीडीह जाने वाली सड़क बारिश के कारण जर्जर हो चुकी है, जिससे यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

इस सड़क से प्रतिदिन दस हजार से ज्यादा गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। बारिश का पानी भरे गड्ढों के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाएं भी होने लगी हैं। दोपहिया गाड़ियां गड्ढों में फंस रही हैं, जिससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। इधर यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढों को लेकर कई बार नगर निगम के जोन कार्यालय में शिकायत की गई है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

राजधानी रायपुर के जोन-10 अंतर्गत महाराजा प्लाजा कांप्लेक्स से लेकर समता परिसर अमलीडीह जाने वाला क्षेत्र रहवासी इलाका है। इस इलाके में स्वतंत्र मकानों से लेकर कई फ्लैट्स कालोनियां भी बनी हुई है, जहां करीब 30-40 हजार की आबादी निवासरत है। इतनी बड़ी आबादी वाले इस क्षेत्र में रहने वाले लोग पचपेड़ी नाका या डूमरतराई की तरफ जाने के लिए समता परिसर-महाराजा प्लाजा रोड से ही आवागमन करना पड़ता है। यही नहीं, इस मार्ग पर अब तक स्ट्रीट लाइटें भी लगाई नहीं गई हैं। इसके कारण रात के समय में इस मार्ग पर ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## फंस रहे वाहन, गिर रहे चालक



### चार्तुमास का प्रवचन में हर दिन पहुंचते हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु

समता परिसर जैन समाज के अध्यक्ष नरेश बाफना ने बताया कि समता परिसर में चार्तुमास पर हर रोज प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संतों का प्रवचन सुनने के लिए समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होने पहुंच रहे हैं। इनमें कई श्रद्धालुओं को बारिश के गड्ढों से गुजरकर यहां पहुंचना पड़ता है।

## आरक्षण भवन में भीड़, कन्फर्म नहीं हुआ टिकट तो यात्रा से होंगे वंचित

# ट्रेनों में वेटिंग 100 पार, यात्रियों को सफर की अनुमति नहीं, फिर भी बेच रहे वेटिंग टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रक्षाबंधन को लेकर ट्रेनों में इस बार भी यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिलेगी। 17 अगस्त को केवल रायपुर से दिल्ली, मुंबई, हावड़ा, जयपुर के लिए ही नहीं, नागपुर और अंबिकापुर जाने भी यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है।

रेलवे के नियम अनुसार वेटिंग यात्री ट्रेन में अब सफर नहीं कर सकते। इसके बाद भी आरक्षण भवन से यात्रियों को वेटिंग टिकट धड़ल्ले से जारी किया जा रहा है। वर्तमान में ज्यादातर टिकट वेटिंग ही मिल रहा है। ट्रेनों में वेटिंग की संख्या 100 से अधिक पहुंचने से इन टिकट के कन्फर्म होने की संभावना 90 प्रतिशत नहीं है। रोजाना वेटिंग टिकट बेचने से रक्षाबंधन पर यही भीड़ का कारण बनेंगे। रक्षाबंधन के दौरान कई ट्रेन रद्द हैं। रेलवे ने रक्षाबंधन को लेकर अभी स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की है। ऐसे में यात्रियों को 17 से 20 अगस्त तक ट्रेनों में आरामदायक सफर मिलना मुश्किल लग रहा है।

### नागपुर और अंबिकापुर जाने ट्रेनों में 102 वेटिंग

रायपुर से 400 से 500 किलोमीटर की दूरी तक यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। 17 से 18 अगस्त के बीच दुर्ग-अंबिकापुर में रायपुर से वेटिंग 102 से 110 तक स्लीपर में पहुंच गया है। इसके अलावा नागपुर जाने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 81 और गीतांजली में 45 वेटिंग है। दिल्ली जाने के लिए संपर्क क्रांति में 85 और समता में 81 वेटिंग पहुंच गया है। इसके साथ ही रायपुर से भोपाल जाने गोंडवाना, अमरकंटक एक्सप्रेस में 50 से 80 तक वेटिंग है। इंदौर के लिए ट्रेन में वेटिंग 75 से 80 तक है।



### तत्काल टिकट खरीदने मारामारी

जिन यात्रियों का टिकट वेटिंग है, अब उन्हें तत्काल टिकट का सहारा है। इसके लिए सीधे दलाल से संपर्क कर रहे हैं, जो कन्फर्म टिकट दिलाने का भी दावा कर रहे हैं। तत्काल के लिए अतिरिक्त किराया देना होता है, लेकिन कन्फर्म सीट के लिए यात्री दोगुना पैसा देने को भी तैयार हैं। आरक्षण भवन में भी यात्री अब तत्काल टिकट को लेकर जानकारी ले रहे हैं। एजेंट महज 20 से 30 सेकंड में विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से तत्काल टिकट बुक कर लेते हैं।

### हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी और स्लीपर कोच की सुविधा

यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच एवं एक स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस में 13 अगस्त को गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में 15 अगस्त 2024 को उपलब्ध रहेगी।

# खम्हारडीह में बंद कराई डेयरी, 10 मवेशियों को शहर से बाहर छोड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के रिहाइशी इलाके में डेयरी चलाने वालों के खिलाफ निगम ने अभियान चलाया है। शनिवार को जोन 9 अमले ने खम्हारडीह क्षेत्र में चल रही डेयरी के 10 मवेशियों को पकड़कर निगम सीमा के बाहर ले जाकर छोड़ा। नगर निगम सीमा क्षेत्र के रहवासी इलाके में अवैध रूप से संचालित डेयरी संचालकों पर कड़ाई बरतने जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। जोन 9 की टीम ने खम्हारडीह रहवासी क्षेत्र में विष्णु यादव द्वारा संचालित डेयरी को बंद करवाया। डेयरी के 10 मवेशियों को जब्त कर काउकेचर वाहन की सहायता से शहर के बाहर छोड़ा गया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी, सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा की उपस्थिति में यह कार्रवाई हुई।

- जोन 9 अमले ने रहवासी क्षेत्र की डेयरी पर लिया एक्शन

### स्वास्थ्य विभाग ने वार्डों में मनाया ड्राई डे

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को ड्राई डे स्वास्थ्य अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया। करीब 1500 घरों का सर्वे कर नागरिकों को डेंगू से बचने जागरूक किया गया। इस दौरान विंडो कूलर में भरे पानी को खाली कराकर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि अपने आसपास पानी का जमाव न होने दें। इसके साथ ही सफाई वाहनों में डेंगू के प्रति जनजागरूकता के संदेश दिये गये।

### धोबी समाज का परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। धोबी समाज का विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बोरियाखुर्द स्थित नातिन धोबीन दाई परिसर में 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे से होगा। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर का जन्म उत्सव भी मनाया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन में राज्यभर से मुखिया विवाहयोग्य युवक-युवती लेकर यहां पहुंच रहे हैं। यह जानकारी शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, युवा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

# बस भाड़ा विवाद को लेकर सवारी के साथ मारपीट, लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में अनाधिकृत बस एजेंटों की वजह से आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। अनाधिकृत एजेंट में ज्यादातर अपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं। ऐसे ही एक मामले में विशाखापट्टनम से सैर कर लौट रहे मध्यप्रदेश की एक सवारी ने एक बस एजेंट के खिलाफ किराया भाड़ा विवाद पर मारपीट कर कैश 90 हजार रुपए लूट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस 90 हजार लूट होने की बात को लेकर संदेह व्यक्त कर रही है। पुलिस के मुताबिक मध्यप्रदेश, झांसी निवासी रणविजय सिंह ने अज्ञात के खिलाफ लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। रणविजय ने पुलिस को बताया है कि वह सैर करने विशाखापट्टनम गया था। ट्रेन नहीं मिलने की वजह से वह बस से झांसी जाने बस टर्मिनल पहुंचा। टर्मिनल में एक एजेंट ने उसे जबलपुर जाने टिकट दिया और टिकट फेयर झांसी का मांगा। इस बात का विरोध करने पर एजेंट उसे अपने साथ सूने स्थान पर ले गया और मारपीट कर पर्स में रखे पैसे तथा मोबाइल लूटकर फरार हो गया।

- लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश ने कारोबारी को रिपोर्ट करने पर गांजा केस में फंसाने की धमकी दी



### रिपोर्ट दर्ज कराने पर गांजा केस में फंसाने की धमकी

रणविजय ने पुलिस को बताया है कि बदमाश ने उसके साथ मारपीट कर कैश तथा मोबाइल लूटने के बाद उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। रणविजय के अनुसार बदमाश ने उसे गांजा प्रकरण में जेल भिजवाने की धमकी देने के साथ अन्य मामलों में फंसाने की धमकी दी।

# जूनियर डाक्टर की हत्या, राजधानी में चिकित्सा छात्रों का कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में जूनियर डाक्टर से रेप के बाद हत्या की घटना पर राजधानी के चिकित्सा छात्रों ने आक्रोश जताया है। दिन में काली पट्टी बांधकर विरोध के बाद शाम कैंडल मार्च निकालकर उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया। जेएन मेडिकल कालेज के चिकित्सा छात्रों ने कहा कि यह घटना संबंधित कालेज प्रबंधन की विफलता है, क्योंकि अस्पताल में डाक्टर ड्यूटी रूम की व्यवस्था नहीं थी। कालेज के दौरान पीजी द्वितीय वर्ष की छात्रा ड्यूटी पर थी।

चिकित्सा छात्रों ने मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया। संदेह जताया जा रहा है कि इस घटना को वहां के स्थानीय बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया। घटना के विरोध में ड्यूटी के बाद जूनियर डाक्टरों ने कैंडल मार्च का आयोजन मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल भवन तक किया। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. गगन मोहन छाबड़ा ने बताया कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़ा कदम उठाने की मांग की गई है।

- काली पट्टी लगाकर ड्यूटी कर जताया विरोध

### सांसद से मिला यूडीएफए

इस मामले में यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की। यूडीएफए ने छत्तीसगढ़ के चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए भी उचित कदम उठाने हस्तक्षेप करने का निवेदन किया।

# मोबाइल टॉवर निर्माण के विरोध में उतरे कॉलोनीवासी, की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के रावतपुरा कालोनी फेज-2 मठपुरैना के रहवासी कालोनी में मोबाइल टावर के निर्माण के विरोध में उतर आए हैं। लोगों ने इस मामले की शिकायत थाना, वार्ड पार्षद से लेकर कलेक्टर तक से की है। लोगों ने शिकायत के माध्यम से बताया है कि मोबाइल टावर से निकलने वाली चुंबकीय तरंगों से बच्चों, बूढ़ों सहित आम लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। इस कारण कालोनीवासी नहीं चाहते कि कालोनी में मोबाइल टावर लगे।

रावतपुरा कालोनी फेज-2 मठपुरैना में एक प्राइवेट मोबाइल कंपनी ने टावर लगाने के लिए कालोनी निवासी गोपाल चंद्राकर का तीन मंजिला मकान की छत को किराये पर लिया है। कालोनी वासियों में नरोत्तम सिन्हा, हीरामन ध्रुव, अशोक धृतलहरे चोवाराम साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि मोबाइल टावर लगाने के लिए कंपनी ने मकान मालिक के साथ अनुबंध किया हुआ है। इसका पता कालोनीवासियों को तब चला, जब मकान की छत पर टावर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसके बाद कालोनीवासियों ने टावर का विरोध करते हुए पहले मकान मालिक से बातचीत कर टावर के कारण होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए उसे कंपनी से अनुबंध खत्म करने की समझाइश दी, लेकिन मकान मालिक ने इससे इनकार कर दिया। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कालोनीवासियों ने वार्ड पार्षद से शिकायत की थी, लेकिन जब कोई बात नहीं बनी, तो इस संबंध में टिकरापारा थाना और कलेक्टोरेट में शिकायत की। कलेक्टोरेट में शिकायत करते हुए लोगों ने टावर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

- थाना, वार्ड पार्षद और कलेक्टर से शिकायत

## पेज 11 के शेष ...

### एक माह की घनघोर...

रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही है। दरअसल, केन्द्र सरकार की योजना के मुताबिक 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर में वायु प्रदूषण कम करने मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सड़क की सफाई करानी है। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर शहर की चुनिंदा सड़कों पर धूल के महीन कण साफ करने ऑनलाइन टेंडर किया। 85 किलोमीटर के दायरे की चुनिंदा सड़कों पर धूल साफ करने रोड स्वीपिंग मशीन लगाई गई। टू लेन, फोर लेन, सिंगल चौड़ी सड़क की रात्रिकालीन सफाई कर बारीक धूल के कण को साफ करने का काम शुरू हुआ। जीई रोड, केनाल रोड, वीआईपी रोड, देवेन्द्र नगर, तेलघानी नाका, टिकरापारा से पुलिस लाइन होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर चौक, पुरानी बस्ती, लिली चौक होते हुए लाखेनगर सहित अन्य चिन्हांकित रूटों पर रोड स्वीपिंग मशीन से रोजाना सड़क पर जमी धूल को साफ किया जा रहा है, पर बारिश के सीजन में सामान्य रूप से शहर की सड़कों पर बारिश होने के कारण धूल नहीं रहती। इसके बाद भी रात्रि में रोड स्वीपिंग से सड़क सफाई का काम कराया जा रहा है। **सफेद हाथी साबित हुई थी निगम की रोड स्वीपिंग मशीन** : रायपुर नगर निगम द्वारा इससे पहले भी शहर की सड़कों की सफाई के लिए रोड स्वीपिंग मशीन का फार्मूला अपनाया गया। इसमें शासन से प्राप्त राशि से करोड़ों खर्च कर 2 रोड स्वीपिंग खरीदी गई। जो कि कुछ ही दिन शहर की सड़कों पर धूल साफ करने उतर पाई। मेंटनेंस व देखरेख के अभाव में यह मशीन कबाड़ में तब्दील हो गई और नगर निगम को इसे औने पौने में बेचने की नौबत आई। मशीन के खराब होने का एक बड़ा कारण नगर निगम के पास तकनीकी जानकार का न होना है।

### अब तक 54 को...

इसलिए सबसे पहले वे अपने दफ्तर से इसकी शुरुआत कराएंगे। कमिश्नर महादेव कावरे ने पदभार ग्रहण करने के कुछ दिन बाद ही रायपुर के कुछ विभागों का सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान कृषि विभाग, नगर ग्राम एवं निवेश विभाग, सरकारी समितियों के पंजीयक दफ्तर से लेकर पंडरी जिला अस्पताल में कार्यरत अधिकारी से लेकर थोक में कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। इसमें कृषि विभाग का दफ्तर 10 बजे बंद पाया गया था। कमिश्नर ने अधिकारी और कर्मचारियों की लेटलतीफी पर जमकर नाराजगी जताई थी और संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे।

### छत्तीसगढ़ के डीलरों के...

सकी है। वे दो माह में भी पूरे पैसे देने की हामी नहीं भर रहे हैं। ऐसे में अब डीलरों ने केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है। आंदोलन में शामिल प्रदेश के एक डीलर आयुष खेमुका ने बताया, छत्तीसगढ़ में भी कंपनी के राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कई शहरों में डीलर हैं। सभी डीलरों ने प्रदेश में हजारों की संख्या में वाहन बेचे हैं। कुल मिलाकर 28 डीलर छत्तीसगढ़ में हीरो ईवी बेचने का काम कर रहे हैं। इन डीलरों के भी देश के बाकी डीलरों की तरह ही कंपनी में लाखों रुपए फंसे हैं। सभी डीलरों के मिलाकर कंपनी से करीब 50 करोड़ की लेनदारी है। डीलरों ने हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को वाहन लेने के लिए एडवांस में जहां लाखों रुपए दिए हैं, वहीं वारंटी के सामानों का भी लाखों रुपए कंपनी पर बकाया है, इसी के साथ सब्सिडी का भी पैसा है।

### शेयर ट्रेडिंग के...

वर्षों में रेंज साइबर पुलिस ने अब तक की ठगी का पहला बड़ा मामला का खुलासा किया है। पूर्व में सेटअप नहीं होने की वजह से साइबर ठगी के मामलों की जांच जिस रफ्तार से होनी चाहिए, उस रफ्तार से नहीं हो पाती थी। पुलिस के मुताबिक पंडरी थाना में पांच माह पूर्व पेशे से डॉक्टर अशोका रतन निवासी सुनील कुमार देवांगन की शिकायत पर अंकित कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आए अंकित तथा उसके गिरोह के साथियों ने डॉक्टर से फेसबुक में अपने भ्रामक विज्ञापन के जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बनाया था। जालसाजों ने डॉक्टर को अपने जाल में फंसाए रखने एक करोड़ रुपए निवेश करने पर एप में पांच करोड़ रुपए प्रॉफिट दिखाकर ठगी का शिकार बनाया। **एक दूसरे से अंजान लेकिन सभी का काम बंटा हुआ** : पुलिस के अनुसार शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह दिल्ली में सक्रिय हैं। ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े लोगों का काम बंटा हुआ है। इनमें ठगी करने सिम उपलब्ध कराने वाले से लेकर मोबाइल, बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाले अलग-अलग लोग रहते हैं। इसके अलावा जाल में फंसे लोगों को मैसेज भेजने वाला, एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर निकालने वाला अलग रहता है।

### लालच में आकर पैतृक...

शेयर किए। लालच में आकर डॉक्टर ने पहली बार में एक करोड़ रुपए निवेश किया। इस तरह डॉक्टर ने अपनी पैतृक जमापूंजी के साथ 20 लाख रुपए कर्ज लेकर जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर किया था।

### हर घर तिरंगा ने..

नेता भी 5 से 20 हजार तक तिरंगे खरीदकर बांट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में 2022 में हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की थी। तब से भाजपा हर साल 15 अगस्त से पहले हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इसके लिए भारी संख्या में तिरंगों की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर देशभर में ज्यादातर तिरंगों की सप्लाई सूरत से होती है। तिरंगे बनाने वाले पहले से इसका स्टॉक बनाकर नहीं रखते, क्योंकि तिरंगों की जरूरत हर समय नहीं होती। 15 अगस्त और 26 जनवरी को ही तिरंगे बिकते हैं। हर घर तिरंगा अभियान से पहले तिरंगे बहुत कम संख्या में बिकते थे, लेकिन अब तो हर राज्य में लाखों की संख्या में तिरंगों की जरूरत 15 अगस्त से पहले पड़ रही है। इसके लिए पहले से ऑर्डर देने पर ही तिरंगों की सप्लाई होती है। विधायक, सांसद भी खरीद रहे हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रदेश संगठन ने तो बूथों के लिए तिरंगे देने का काम किया है, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं और घरों के लिए तिरंगे देने का काम प्रदेश के सांसद, विधायक, पार्षद, प्रदेश और जिलों के भाजपा नेता भी कर रहे हैं। सांसद, विधायक पांच से लेकर 20 हजार तक तिरंगे अपने क्षेत्रों में बांट रहे हैं, ताकि हर घर में तिरंगा लगाया जा सके नेता भी अपनी क्षमता के मुताबिक पांच सौ, हजार, दो हजार तक तिरंगे खरीदकर बांट रहे हैं।

### भाजपा को लाखों...

और रायपुर संभाग के सभी जिलों के लिए लाखों तिरंगे भेजे जा चुके हैं। अभी दो-तीन दिनों तक तिरंगे लगातार भेजे जाएंगे। शनिवार तक पांच लाख से ज्यादा तिरंगे पहुंच गए हैं। इनको भेज भी दिया गया है। तिरंगों में डंडा भी लगाकर दिया जा रहा है।

// ईश्तहार //

पत्र क्रं /7633/न.पा.नि./जोन क्रं- 10 /2024
रायपुर, दिनांक 07.08.2024

नामंतरण प्र.क्र. 7633
वार्ड का नाम- 52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446L00368 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GEBNUS XALXO पिता/पति श्री/श्रीमती JOHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MATILDA XALXO, NEELAM SAROJ TIGGA, KIRAN TOPPO AND NOWEL KUMAR XALXO पिता/पति श्री/श्रीमती GEBNUS XALXO ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ DEATH/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा अशोका रतन, शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट फैमिली यूनिट नंबर 203, ब्लॉक नंबर 23 द्वितीय तल को विक्रेता श्रीमती स्नेहलता जैन उम्र 75 वर्ष पति स्व. पी.सी. जैन, निवासी एच.आई.जी. 22, मारूति इनक्लेव, टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाली से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान की जा चुकी है, तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नीचे दिये गये पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने पश्चात किये जाने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जायेगी तथा अपने पक्ष में रजिस्ट्री करा ली जायेगी। सो सूचना जाने।
दिनांक 09 .08 .2024
बिलासपुर छ.ग.

भवदीय
(प्रियंका चौधरी)
पिता श्री मनोज चौधरी
निवासी तपकरा, स्टेट बैंक, बॉयस हॉस्टल के पास, जशपुर (छ.ग.)
मो. 9770860109, 7999699460

इश्तिहार

पत्र क्रं / .... 13494..../ न. पा. नि. /
जोन क्रं- 10 / 2024
रायपुर, दिनांक 07-08-2024
नामंतरण प्र.क्र. 13494
वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446l00322 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NEERAJ SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती HARISHANKAR SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Nilesh Kumar पिता/पति श्री/श्रीमती Kamlesh Prasad ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख .../ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर) जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मिनीमाता स्मृति दिवस पर संगोष्ठी प्रतिभा सम्मान समारोह आज

रायपुर। प्रदेश की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरुमाता मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर मिनीमाता स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया



गया है। इस अवसर पर मंगल भजन, संगोष्ठी, प्रतिभा सम्मान और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जैसे कई आयोजन होंगे। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 11 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे और प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे करेंगी। विशिष्ट अतिथि राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया होंगी। इस कार्यक्रम में सतनामी समाज के सभी सदस्यों को शामिल होने की अपील की गई।

### भूमिगत केबलिंग से सड़क जर्जर, सौंपा ज्ञापन



रायपुर। गोलबाजार इलाके में अंडरग्राउंड केबलिंग के अधूरे काम की वजह से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जो हादसे का कारण बन रहे हैं। मर्चेट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि केबलिंग कार्य की वजह से हर गली और सड़क जर्जर हो गई है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है। अधिकारी ने उन्हें शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सतीश जैन, मुरली शर्मा, कलीराम साहू, सुनील पृथवानी, रजा खान शामिल थे।

### एनसीपी के छत्तीसगढ़ प्रभारी आज आएंगे

रायपुर। शरदचंद्र पवार गुट एनसीपी का विस्तार करने और



कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रम के लिए निर्देशित करने प्रदेश प्रभारी शब्बीर अहमद विद्रोही का आगमन रायपुर हो रहा है। वे आज सुबह दिल्ली से स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पहुंचेंगे। इसी दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पुरुषोत्तम पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश प्रभारी श्री अहमद रेलवे स्टेशन चौक स्थित नर्मदापारा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

### गायत्री शक्तिपीठ की बैठक महाकाल की होगी पूजा-अर्चना

रायपुर। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में स्थित महाकाल मंदिर की वर्षगांठ सोमवार को मनाया जाएगी। 12 अगस्त को महाकाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पिछले वर्ष की गई थी इसलिए प्राण-प्रतिष्ठा के दिवस को विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में ट्रस्ट कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में 11 अगस्त को शाम 4 बजे से भगवान भोलेनाथ के मंदिर में सामूहिक रूप से जनकल्याण के लिए महामंत्रों का जाप किया जाएगा।

# एआई तकनीक से बेस किचन की निगरानी, खाना पकाने में गलती होने से तुरंत करेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे नई तकनीक का प्रयोग कर खुद को हाईटेक कर रहा है। इस क्रम में जोन भी जल्द ही बेस किचन और लॉन्ड्री एआई तकनीक की मदद लेगा। इसकी शुरुआत पूर्वोत्तर रेलवे समेत देश के विभिन्न जोन में शुरू हो चुकी है। खाने में लगातार मिलने वाली शिकायत को कम करने एआई कैमरा से निगरानी होगी।

इसकी मदद से किचन में शेफ लगती हुई तो तुरंत ही उसे अलर्ट करेगा। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि बेस किचन तैयार होने के बाद आने वाले समय में एआई तकनीक की सुविधा भी मिलेगी। तकनीक हर छोटी बड़ी खामियों पर कैमरा तुरंत अलर्ट करेगा। उदाहरण के तौर अगर बेस किचन में काम के समय शेफ ने अपनी टोपी भी उतारी तो कैमरा तुरंत इसकी जानकारी देगा। इतना ही नहीं, थाली की पैकिंग में भी कोई कमी रह गई, तो उसकी भी जानकारी तुरंत ही मिलेगी। इससे यात्रियों की छोटी-छोटी शिकायतें दूर हो सकेंगी।

**खास बातें**

- खाने की शिकायतों को कम करने जोन में भी एआई तकनीक की ली जाएगी मदद
- यात्रियों को हाईजेनिक भोजन देने जोन में बन रहे 46 बेस किचन
- बेस किचन से ही ट्रेनों में चढ़ेगा खाना, रूट अनुसार मिलेगी किचन की सुविधा



### जिस ट्रेन में पेंट्रीकार नहीं उन्हें भी मिलेगा लाभ

रेल मंत्री के आदेश के अनुसार रेलवे में कैटरिंग की पुरानी व्यवस्था को खत्म किया जाएगा। आईआरसीटीसी का बेस किचन बनने के बाद लाइसेंस वाले किचन और ट्रेनों में पेंट्रीकार में बनने वाले खाने को धीरे-धीरे बंद किया जाएगा। जोन की ट्रेनों से पेंट्रीकार नहीं हटेगा। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे के बेस किचन से उन ट्रेनों को भी लाभ मिलेगा, जिनमें पेंट्रीकार नहीं होते। बेस किचन से भोजन को पकाकर उन ट्रेनों के यात्रियों को दिया जा सकेगा। छोटे व बड़े स्टेशनों पर ही बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जो यात्री को सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन मुहैया कराएंगे।

### भोजन की बारीकी से निगरानी

वर्तमान में शिकायत आने पर रेलवे जांच करता है, लेकिन एआई कैमरे से तकनीक ही भोजन की बारीकी से निगरानी करेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए जोन में 46 बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जिनमें 20 किचन इसी महीने बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद एआई तकनीक पर काम किया जाएगा। वर्तमान में बेस किचन की सुविधा रायपुर में नहीं है। खास बात यह भी है कि ट्रेनों के रूट अनुसार बेस किचन दिया गया है। जानकारी मुताबिक ठेकेदार को ट्रेन आवंटित की जाएगा। इससे ऑर्डर समय पर मिलेगा और यात्रियों को अधपका भोजन नहीं मिलेगा।

## भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की बढ़ रही समस्या

# मोबाइल की लत, नजर ही नहीं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने की वजह से बच्चों की नजर के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर हो रहा है। उनमें भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की शिकायतें बढ़ रही हैं। राजधानी में निजी और सरकारी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में माता-पिता मोबाइल एडिक्ट हो रहे बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं।

- शिशु रोग विशेषज्ञों के पास रोजाना पहुंच रहे मोबाइल एडिक्ट बच्चे

कोरोनाकाल तो बीत गया, मगर ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से मोबाइल की लत उन्हें लग गई। शिशुरोग विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि छोटे बच्चे मोबाइल के ज्यादा उपयोग की वजह से आटिज्म के शिकार हो रहे हैं। उनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बच्चों को किताबों के जरिए पढ़ाई करने में उन्हें कठिनाई हो रही है। कठिन प्रश्नों और सवालों के जवाब देने में दिक्कत आ रही है। छोटे बच्चों में बोलने-समझने की क्षमता विकसित नहीं हो पा रही है और खेलकूद नहीं करने की वजह से उनका शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार ओपीडी में आने वाले बच्चों के जरूरी इलाज के साथ उन्हें और उनके माता-पिता को मोबाइल के सीमित उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

**इस तरह की समस्या**

- बचपन में लगी आदत की वजह से मोबाइल देखते हुए खाना खाने की लत
- लगातार मोबाइल पर गेम खेलने की वजह से कम नींद, दिनभर सुस्ती
- आक्रामक व्यवहार, अकेले में वक्त बिताना और बड़बड़ाना



### जारी की गई है गाइडलाइन

इंडियन एकेडेमी ऑफ पीडियाट्रिक द्वारा मोबाइल के उपयोग से होने वाले साइड इफेक्ट को रोकने के लिए गाइड लाइन भी जारी की गई है। उनके द्वारा शिशु रोग विशेषज्ञों को इस बारे में बच्चों के साथ उनके पैरेंट्स को भी जानकारी देने पर जोर दिया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार दो साल तक के बच्चों को मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित है। 2-5 साल के बच्चे के लिए दिन में एक घंटे तथा पांच साल से अधिक आयु वाले बच्चों को 2 घंटे, किशोरावस्था में पहुंचने के बाद काम के हिसाब से समय तय करने और उपयोग के दौरान आंखों को आराम देने का जिक्र है।

### बांटे गए थे 40 हजार चश्मे

स्वास्थ्य विभाग अपने अभियान के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण करता है और जिन्हें आवश्यकता होती है, उन्हें चश्मे का वितरण भी करता है। पिछले साल करीब चालीस हजार बच्चों को चश्मा दिया गया था और इस साल अब तक करीब दस हजार बच्चों को चश्मा बांटकर उसका नियमित उपयोग करने की सलाह दी गई है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. निधि अत्रीवाल के अनुसार नजर कमजोर होने की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिसमें मोबाइल का उपयोग भी बड़ा कारण है। आने वाले दिनों में पुनः नेत्र परीक्षण के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

### विशेषज्ञों की राय

मोबाइल के दुष्प्रभाव की वजह से बच्चों में विभिन्न तरह की परेशानी आ रही है। बच्चों को मोबाइल देने के बजाए उनके साथ ज्यादा वक्त बिताना चाहिए। संवाद और किताबों के माध्यम से पढ़ाई पूरी करने पर जोर देना चाहिए। बच्चों को केवल उतना ही मोबाइल दिया जाए, जिससे उनका जरूरी काम पूरा हो सके।

- डॉ. किरण माखीजा, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष सीजीएपी

मोबाइल का दुष्प्रभाव छोटे बच्चों पर ज्यादा हो रहा है। जिस आयु में उनका मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है उस दौरान वे स्क्रीन टाइम में वक्त गंवाते हैं। भविष्य में यह मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। दो साल से कम आयु के बच्चों को मोबाइल बिलकुल भी नहीं देना चाहिए।

- डॉ. निलय मोझरकर, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कोषाध्यक्ष सीजीएपी

# राज्य कोटे से एमबीबीएस एडमिशन चौथे सप्ताह में काउंसिलिंग के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

मेडिकल कालेज में राज्य कोटे से एमबीबीएस की सीटों पर एडमिशन चौथे सप्ताह में होने की संभावना है। दिल्ली से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की टीम प्रवेश परीक्षा में छत्तीसगढ़ का रिजल्ट लेकर वापस आ चुकी है। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बाद इसके लिए पंजीयन प्रारंभ किया जा सकता है।

- प्रवेश परीक्षा का सीजी रिजल्ट लेकर वापस आई टीम

एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने के लिए चिकित्सा छात्रों को शेड्यूल जारी किए जाने का इंतजार है। राज्य में इस बार दस शासकीय के साथ पांच निजी मेडिकल कालेज में यूजी की पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में एमबीबीएस की अभी दो हजार से ज्यादा सीटें हैं। इसके अलावा बीडीएस की 6 सौ सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश 14 अगस्त से प्रारंभ होगा। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बार राज्य कोटे के एडमिशन के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और संभवतः 21 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य में नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले ज्यादातर छात्रों की पहली पसंद मेडिकल कालेज होते हैं। इसके बाद उनके द्वारा बीडीएस की पढ़ाई को महत्व दिया जाता है। एमसीसी द्वारा राज्य के लिए जारी की गई पहले राउंड की काउंसिलिंग की संभावित तारीख 21 से 29 अगस्त है। दूसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सितंबर में पूरी की जाएगी। एमबीबीएस की सरकारी कालेजों में 85 फीसदी और निजी कालेजों की पचास प्रतिशत सीट राज्य कोटे के लिए निर्धारित है।



### 22 हजार दावेदार

एमबीबीएस और डेंटल की ढाई हजार सीटों के लिए राज्य में 22 हजार से ज्यादा दावेदार हैं। प्रवेश परीक्षा में 43 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए, जिनमें से 22 हजार सफल हुए थे। इन छात्रों को मेरिट सूची के आधार पर मेडिकल और डेंटल कालेजों में एडमिशन दिया जाएगा।

### पहली पसंद रायपुर

स्टेट कोटे में छात्रों की पहली पसंद रायपुर का शासकीय मेडिकल कालेज रहता है। राज्य में सबसे ज्यादा 230 सीटें इसी कालेज में हैं इसके बाद छात्र बिलासपुर सहित अन्य कालेजों को महत्व देते हैं। रायपुर कालेज का आवंट्न प्राप्त करने वाले छात्र एडमिशन का मौका नहीं गंवाते।

**9 सूत्रीय मांग, नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना**

# वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आज से बेमियादी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग में कार्यरत प्रदेशभर के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी 11 अगस्त से अपनी 9 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेशभर से हड़ताली कर्मचारी अपने हक की आवाज बुलंद करने रविवार को जुटेंगे। इसमें वाहन चालक से लेकर कंप्यूटर आपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, कार्यालय सहायक सहित अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल होंगे। कर्मचारियों की हड़ताल से बिलासपुर के नंदनकानन, रायपुर के नंदनवन, नवा रायपुर के जंगल सफारी का काम प्रभावित होगा।

- वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, कार्यालय सहायक होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी नियमितीकरण, स्थायीकरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर जा रहे हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राजकुमार चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत कई वर्षो से नियमितीकरण एवं स्थायीकरण की मांग को लेकर वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं, पर आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई। इसीलिए 11 अगस्त से काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।



### प्रमुख मांग इस तरह

- वन विभाग में 6 मार्च 2008 से पूर्व और 31 दिसंबर 2017 तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, दैनिक श्रमिक, वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, कार्यालय सहायक,भृत्य, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, उच्च कुशल, कुशल , अकुशल श्रमिक जिनकी सेवा अवधि 10 साल पूरी हो चुकी हो, उसे सांख्येतर पद स्वीकृत कर नियमितीकरण किया जाये।
- 31 दिसंबर 2017 के बाद कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 2 वर्ष पूरी हो चुकी है। उसे स्थायी कर्मचारी बनाकर स्थायीकरण करने की मांग।
- वन विभाग मे कार्यभारित आकस्मिक निधि सेवा नियम 2023 पुनः लागू किया जाये।
- वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, श्रमिकों का जब तक नियमितीकरण नहीं हो जाता है, तब तक वन विभाग में तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी के वन रक्षक, वाहन चालक, भारी वाहन चालक, सहायक ग्रेड 3 के रिक्त पदों के सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाये। और उक्त रिक्त पदों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को समाहित किया जाये।
- प्रदेश के वन मंडलों में दैनिक वेतनभोगी, दैनिक श्रमिक, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री आपरेटर, कंप्यूटर आपरेटर को विगम 4 से 5 माह के लंबित वेतन का भुगतान करने और डिपो में कार्यरत श्रमिकों के 8 से 9 माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग।
- 4 हजार रुपये श्रम सम्मान की राशि भुगतान की मांग।

# सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर निर्माण कार्य बेहद धीमा, नेता प्रतिपक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से निजात दिलाने नगर निगम सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर का निर्माण करवा रहा है। 1 साल बीतने के बाद भी निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार ने शहरवासियों की चिंता बढ़ाई है। इधर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने स्पॉट पर पहुंचकर निर्माण कार्य में देर को लेकर विभागीय अधिकारियों से सवाल किया, अब तक डॉग शेल्टर का काम पूरा क्यों नहीं हुआ? अधूरे काम को जल्द पूरा करने उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

- स्थल पर निर्माण कार्य का लिया जायजा
- 30 फीसदी हो पाया काम

प्रदेश के पहले डॉग शेल्टर का निर्माण राजधानी रायपुर के जोन 8 स्थित सोनडोंगरी में किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया कि निर्माण कार्य अभी मात्र 30 फीसदी ही हुआ है,



जबकि अब तक डाग शेल्टर बनकर तैयार हो जाना था। विदित हो, करीब 50 लाख की लागत से प्रथम फेज डॉग शेल्टर का निर्माण कराने प्रथम निविदा 21 मार्च 2023 को आमंत्रित की गई। अनुबंधित ठेकेदार आरके टेक ने कार्य पूरा करने जिम्मेदारी ली। अनुबंध की शर्त के अनुसार दिसंबर 2023 तक डॉग शेल्टर बनाने की मियाद रही, पर 15 फीसदी कार्य करने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। निविदा निरस्त होने के बाद फ़रवरी 2024 में इस कार्य के लिए दोबारा निविदा आमंत्रित की गयी। इसमें अनुबंधित ठेकेदार को धीमी गति से काम करने के कारण नोटिस दिया गया।

# आईजी ने ली राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक

रायपुर। क्राइम पर अंकुश लगाने शनिवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने राजपत्रित पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर पर अपराधों की रोकथाम, लंबित अपराध, मर्ग प्रकरण एवं शिकायतों के निराकरण



के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में तीन माह से ऊपर के लंबित अपराध, समस्त गंभीर प्रकरण, अनसुलझे मामलों एवं सपंत्ति संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। ऐसे मामलों में अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर प्रकरणों के निकाल करने और आवश्यकतानुसार रेंज स्तर पर टीम बनाकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के आईजी ने निर्देश दिए। चिटफंड अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और निवेशकों को धन वापसी के लिए समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जमानत प्राप्त बदमाशों द्वारा जमानत के दौरान घटना करने की सूचना पर जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। आपराधिक रिकार्ड के आधार पर निगरानी एवं गुंडा सूची को आदतन करने, आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान उनके पूर्व आपराधिक रिकार्ड को भी शामिल करने निर्देश दिए।




पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 11 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

तिजहारिनों की पसंद जयपुर व कोलकाता...

## सिटी इवेंट

## सदाबहार गीतों की छेड़ी तान, सुबह से शाम तक फिल्मी गानों की लगी झड़ी



**रायपुर।** बैठे-बैठे क्या करें, करना है कुछ काम, शुरू करें अंताक्षरी, लेकर प्रभु का नाम... के साथ शुरू महाराष्ट्र मंडल में अंताक्षरी प्रतियोगिता शुरु हुई। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता के पहले दिन दो राउंड में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। शुरुआती पहले व दूसरे राउंड में क्रमशः 'झंकार बिट्स' और 'गीत गाता चल' विजेता रही। सहसचिव मालती मिश्रा ने बताया कि मंडल की खेलकूद समिति की ओर से नगर स्तरीय अंताक्षरी स्पर्धा का सुमधुर संगीतमय आगाज हुआ। पहले दिन दो राउंड हुए। पहले राउंड में मैत्री ग्रुप, ताल तरंग ग्रुप, झंकार बिट्स, आया सावन झूम के और संगीत की देवी सरस्वती ग्रुप शामिल हुए। इस राउंड में झंकार ग्रुप ने एक हजार अंक हासिल कर संगीत की देवी सरस्वती ग्रुप को 50 अंकों से परास्त किया। तीसरे स्थान पर 500 अंकों के साथ 'आया सावन झूम के' रहा। 300 अंकों के साथ ताल तरंग चौथे और 250 अंकों के साथ मैत्री ग्रुप पांचवें स्थान पर रहा।

### रोचक रहे मुकाबले

दूसरा राउंड शिवाय ग्रुप, गीत गाता चल, हमसे है जमाना, सुर संतृप्ति और गुंजन ग्रुप के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में गीत गाता चल ग्रुप ने हमसे हैं जमाना ग्रुप से सिर्फ 50 अंकों की बढ़त बनाई। दोनों टीमों के बीच प्रारंभ से ही रोचक संघर्ष चलता रहा। कभी ये आगे तो कभी वो आगे। गीत गाता चल ग्रुप को 1150 अंक, हमसे है जमाना को 1100, श्री शिवाय ग्रुप को 600 अंक मिले। वहीं सुर संतृप्ति और गुंजन ग्रुप को 400-400 अंक से संतोष करना पड़ा। इस तरह दूसरे राउंड में गीत गाता चल की टीम फाइनल में पहुंच गई।

## कैंपस इवेंट

## मानसूनी बीमारियों के लक्षण पहचानकर रहें सुरक्षित



**रायपुर।** अग्रवाल महिला मंडल की ओर से महादेव घाट स्थित अनुसूचित जाति आदर्श कन्या आश्रम में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों की हेल्थ जांच की गई। इसके साथ ही हमेशा स्वस्थ रहने के लिए टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे उपस्थित रहे। अग्रवाल महिला मंडल के प्रभारी कैलाश मुरारका ने बताया कि डॉ. अश्वनी मिश्रा व डॉ. साक्षी शुक्ला द्वारा 255 बच्चों की आंख और गायनिक जांच की गई। डॉक्टर्स ने बारिश के दौरान होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। इसके अलावा विभिन्न बीमारियों के लक्षण की विस्तार से जानकारी दी।

### पढ़ाई के साथ लक्ष्य पर करें फोकस

मुख्य अतिथि कावरे ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बीजापुर जिले में आदिम जाति स्कूल में पढ़कर यूपीएससी के लिए दिल्ली गया था। पहले कोई भी सुविधा नहीं होती थी। आज बिल्डिंग सहित स्कूल में टीचर और निशुल्क डायग्नोसिस कैंप लगाया जा रहा है। पढ़ाई के साथ लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो एक दिन आप सभी आईएएस व डॉक्टर बनेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल प्रभारी ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में आदर्श अनुसूचित जाति कन्या आश्रम की अधीक्षक फरहा खान और स्कूल की प्राचार्य सरोज वर्मा समेत स्टॉप शिक्षक उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

## सुर सावन के... बाल गायकों ने गाए वर्षा ऋतु के गीत



रायुपर। रजवाड़ा हॉल में शनिवार को आयोजित 'सुर सावन के' कार्यक्रम ने शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। इस आयोजन का संचालन 'अनुगूंज' समूह द्वारा किया गया। इसमें वर्षा ऋतु से जुड़े रागों का गायन किया गया। संगीत कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में बाल कलाकारों ने भी हिस्सा लिया। बाल कलाकार विदुषी सिंह, चार्वी अग्रवाल, त्विषा झंवर, दिव्याना अग्रवाल, लहर निहिचलानी, मायरा मोहता, अंशी राजवैद्य, ऋषिका नत्थानी और शुभिका अग्रवाल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कलाकारों ने एकल और समूह में शास्त्रीय रागों की प्रस्तुतियां दीं, जिनमें तानपूरा, हारमोनियम और तबले का उपयोग किया गया।

### राग मियां मल्हार की रचनाएं

तबले पर हरि पटेल और हारमोनियम पर मंजूषा बेड़ेकर ने संगत की। समूह गायन में विदुषी सिंह, चार्वी अग्रवाल, त्विषा झंवर, दिव्याना अग्रवाल और लहर निहिचलानी ने 'रिमझिम रिमझिम सावन की ये मीठी मंद फुहारें' गीत पेश किया। इसके अलावा, राग यमन द्रुत त्रिताल का तराना और दस थाटों की सरगम में त्विषा झंवर, चार्वी अग्रवाल और दिव्याना अग्रवाल ने क्रमशः राग यमन, बिलावल, खमाज, भैरव, काफी और आसावरी की प्रस्तुति दी। संचालन प्रीति राजवैद्य ने किया। अंशी राजवैद्य ने राग मियां मल्हार की रचना 'बोल रे पपीहरा अब घन गरजे' और राग बहार में 'कुहु कुहु बोले कोयलिया' प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया।

● शहर में गणेशोत्सव की तैयारी शुरू, गुढ़ियारी पड़ाव में इस बार श्रीकृष्ण के जीवन पर बन रही विशेष झांकी

# गीता उपदेश, समुद्र मंथन, भूतिया घर व जंगल सहित छग की देवियां होंगी झांकी में विराजित, किसान रूप धरेंगे गणपति

"गणेशोत्सव के नजदीक आते ही शहर में पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को आकार देना शुरू कर दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश संग दूसरे राज्यों के कलाकार पंडालों के साथ थीम बेस्ड झांकी भी बना रहे हैं, जो इस बार आकर्षण का केंद्र होगा।

**रायपुर।** इस बार शहर में दर्जनभर से अधिक जगहों पर झांकियां तैयार की जा रही हैं, जिसमें सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, बालिका शिक्षा, खेलकूद को बढ़ावा देने संबंधी प्रमुख झांकियां देखने को मिलेंगी। हर साल की तरह गुढ़ियारी क्षेत्र में शहर की सबसे बड़ी झांकी बनाई जा रही है। यहां लोगों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को आकर्षक झांकियों के माध्यम से देखने का मौका मिलेगा। यहां बचपन से लेकर महाभारत तक श्रीकृष्ण के जीवन और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को झांकियों के जरिए देख पाएंगे। श्रीकृष्ण जन्म, मामा कंस का वध, गोपियों संग रासलीला, सुदामा का मित्र भाव समेत महाभारत में अर्जुन को मानव जाति के कल्याण को लेकर दिए गए उपदेश की झांकी तैयारी की जा रही है। दूसरे प्रदेश के कलाकार भी यहां पहुंचे हुए हैं, जो झांकियां बना रहे हैं। 20 प्रतिशत काम हो चुका है। पर्व के करीब आते ही कलाकार अब दिन और रात काम कर जल्द झांकी बनाने का काम पूरा करेंगे। इस बार भी गणेशोत्सव समितियों के बीच यूनिक झांकी बनाने को लेकर प्रतिस्पर्धा छिड़ी हुई है।



**14 फीट ऊंची बनेगी समुद्र मंथन की झांकी**

*डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में इस बार समुद्र मंथन की झांकी श्रद्धालुओं को लुभाएगी। गणेशोत्सव समिति के मुताबिक यहां 40 फीट चौड़ी व 14 फीट ऊंची समुद्र मंथन की झांकी बनाई जा रही है। झांकी की सजावट में समुद्र मंथन को दर्शाया जाएगा। पंडाल में समुद्र का मंथन करने के लिए मंदराचल पर्वत के चारों ओर वासुकी नाग को रस्सी बनाकर देवताओं एवं राक्षसों द्वारा समुद्र को मथने का दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। झांकी में वासुकी नाग के एक ओर ब्रह्मा समेत अन्य देवताओं तथा नाग के दूसरी ओर राक्षसों की प्रतिमाएं शामिल रहेगी।*



### 25 लाख की लागत से बन रही झांकी

गुढ़ियारी पड़ाव गणेशोत्सव समिति के प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि इस बार झांकी 25 लाख की लागत से तैयार की गई है। झांकी की थीम श्रीकृष्ण पर आधारित रहेगी। सभी झांकी चलित रहेगी। भीड़ को देखते हुए सभी जगहों पर कैमरे और पंखे की सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि झांकी में भगवान कृष्ण, सुदामा, गोपियों का आत्मीय प्रेम आकर्षण का केंद्र रहेगा। झांकी में श्रीकृष्ण-राधा की प्रेम लीला लोगों को देखने मिलेगी।



### किसान बनाकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे गणेश जी

सुंदर नगर में किसानों की थीम पर झांकी गणेशोत्सव समिति द्वारा बनाई जा रही है, जिसमें भगवान गणेश किसान के रुप में भक्तों को आशीर्वाद देते नजर आएंगे। झांकी में दिखाया जाएगा कि किसान रूपी भगवान गणेश खेत में हल जोतने के लिए मेहनत कर रहे हैं। खेतों के बीच हल चलाते हुए भगवान गणेश जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### छत्तीसगढ़ की देवी माताओं की झांकी

मारवाड़ी श्मशान घाट में स्थित दुलारी नगर में बना भव्य गुफा बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। इस बार झांकी की थीम छत्तीसगढ़ की देवी माताओं पर आधारित रहेगा। समिति के हरि तांडी ने बताया कि लगभग 7 लाख की लागत से इसे तैयार किया जा रहा है। लोगों को प्रदेश में विभिन्न स्थानों में विराजित देवी मां की झांकी देखनी मिलेगी। गुफा को अलग-अलग वर्ग में बांटा गया है। देवी झांकी के बाद भूतिया गुफा भी रहेगा। इसकी बनावट लोगों को डरा सकती है। इस गुफा में बजरंग बली लोगों के डरों का नाश करते नजर आएंगे। इसके बाद गुफा में जंगल को शामिल किया गया है। इसमें जंगल में विचरण कर रहे जीव-जंतुओं को देखा जा सकता है। इसके बाद भक्त गणेश जी के दर्शन करेंगे।

जिले के 35 स्कूलों से लगभग 310 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

## पुलिस संग जुटे राजधानी के विद्यार्थी पेंटिंग में बताया 'नशा क्यों नाशक'




**रायपुर।** निजात के तहत नशे के अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। सभी थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नशे से ग्रसित लोगों का काउंसिलिंग की जा रही है। इसी क्रम में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में निजात अभियान के तहत सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में जिले के समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय स्कूलों के कक्षा 9वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के मध्य ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रायपुर जिले के 35 स्कूलों से लगभग 310 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पेंटिंग एवं ड्राइंग के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अन्य छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने निजात अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।







### नशामुक्त समाज बनाने में दें सहयोग

सीएसपी आजाद चौक अमन कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव को पेंटिंग्स के माध्यम से सटीक तौर से अभिव्यक्त किया है। छात्रों को चाहिए कि वे समाज को नशामुक्त बनाने अपना सहयोग दें। सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्य रूपिका लॉरेंस, रोशना डेविड, टीआई रोहित मालेकर सहित अन्य स्कूल से आए शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा। छात्रों ने कई विधाओं का प्रयोग करते हुए पेंटिंग बनाई। स्वास्थ्य से लेकर परिवार पर पड़ने वाले नशे के दुष्प्रभाव को इसके माध्यम से बताया गया।

## सावन गीतों में झूमी महिलाएं नृत्य स्पर्धा में थिरके कदम



रायपुर। सावन महोत्सव का सिलसिला शहर में जारी है। इस कड़ी में कमल विहार और विजेता कंपलेक्स की महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। यहां महिलाएं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर शामिल हुईं। निजी आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सबसे पहले सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद सावन गीत गाए। महिलाओं के लिए डांस कंपीटिशन भी रखा गया। डांस कंपीटिशन के लिए भी महिलाओं ने सावन और बारिश आधारित गीतों का ही चुनाव किया। नृत्य की कई कलाएं स्पर्धा में देखने को मिली। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें बबली गोपाल ने पहला, प्रमिला यादव ने दूसरा और गीता मरकाम व रामकुमारी ध्रुव ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर इंदिरा कुशराम, किरण दुबे, अनारकली, भूमिका, सावित्री बाघ, रमा मिश्रा, मोहनी, किरण नाग, सुमन चौहान, छाया कपाले, आशा साहू, भगवती, रेखा साहू, सीमा सहित बड़ी संख्या में कमल विहार और विजेता कांप्लेक्स न्यू राजेंद्र नगर की महिलाएं उपस्थित रहीं।



## सिटी लाइव

# शिक्षकों का बेहतर होना उनके समर्पण पर निर्भर



**रायपुर।** जीवन में अगर सफल होना है, तो पहले अपने लिए लक्ष्य का निर्धारण करें। फिर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उसमें पूरी तरह से डूब जाए, तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में आयोजित छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह में ये बातें शिक्षकों और अतिथियों ने छात्रों से कही। विशिष्ट अतिथि महासमुंद डीईओ एमआर सावंत ने कहा, शिक्षकों का बच्चों के लिए अच्छा होना उनके समर्पण पर निर्भर करता है। पूरी ईमानदारी और लगन के साथ अपना शिक्षकीय कार्य करें। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कहते हुए कहा कि आज आप सभी की उम्र 16-17 साल से कम है। जब आप बड़े होंगे तो आपको यह एहसास होगा कि आपको पढ़ाने के लिए आपके अभिभावकों ने कितना संघर्ष किया है। इसलिए आज से ही उनके संघर्षों के पहचानें और सफलता के लिए जुट जाएं।

### रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहें विद्यार्थी

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने स्वागत भाषण दिया। हाउस कोआर्डिनेटर शिखा सूद और मेघा जैन ने सदनों की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। अतिथियों का परिचय शिक्षिका तृप्ति अग्निहोत्री ने दिया। इसके उपरांत अतिथियों ने छात्रों को शपथ दिलाई और बैच पहनाया। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य राहुल वोडितेलवार ने किया। इस अवसर पर बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए महाराष्ट्र मंडल के श्याम सुंदर खंगन, शाला प्रभारी पारितोष डोनगांवकर, सह प्रभारी नवीन देशमुख, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, रेणुका पुराणिक, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, नमिता शेष, आस्था काले, सुकृत गनौदवाले सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

## समाज इवेंट

# खेलों के जरिए जिया बचपन एक-दूसरे को दिए तोहफे



**रायपुर।** जिले के टेकारी स्थित क्लासिक सिटी परिवार में शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। भोलेनाथ की आरती के साथ सावन महोत्सव की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, पकडम-पकड़ाई, डांस और अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव की खास बात यह रही कि सभी ने एक दूसरे को गिफ्ट दिए। पूरे कॉलोनीवासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। रानु वर्मा, अल्का सिन्हा, मनीषा पांडे, पिंकी यादव, अमृता पांडे, पूजा वर्मा सहित कॉलोनी परिवार शामिल रहे।

### वृंदावन के कृष्ण शास्त्री ने पेश किए भजन



अविनाश ट्विनसिटी में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम, शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 1000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने श्रद्धा और भक्ति के साथ इन धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद के अंतिम दिन वृंदावन के प्रसिद्ध कृष्ण शास्त्री द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। उनके मधुर भजनों से श्रोताओं को एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ।

## कैंपस लाइव

# 6वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने किया मतदान, चुना अपना नेता



**रायपुर।** कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में 5वें अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल आईविन स्मिथ ने स्कूल चुनाव आयोजित करने के उद्देश्य को साझा किया। उन्होंने कहा कि छात्र भविष्य के नेता हैं और उन्हें लोकतंत्र के महत्व को जानना चाहिए। ये चुनाव उनमें नेतृत्व का विचार पैदा करेंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों ने परिषद का चुनाव करने के लिए मतदान किया। नामांकन दाखिल करने से लेकर नतीजों की घोषणा तक पूरी चुनाव प्रक्रिया हुई। मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम हिरवानी, जन प्रगति एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी व सचिव हरजीत सिंह हूरा ने शपथ दिलाई।

### भावेश और अफसाना बने हेड

निर्वाचित स्कूल काउंसिल में हेड ब्वॉय भावेश कुमार, हेड गर्ल अफसाना खातून, डिप्टी हेड ब्वॉय अभिन्न देवांगन, डिप्टी हेड गर्ल जान्हवी बघेल, स्पोर्ट्स कैप्टन संजय वर्मा, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन खुमेश वर्मा, कल्चरल कैप्टन उज्जवल देवांगन, डिप्टी कल्चरल कैप्टन अनुष्का कुमारी, कैंपस कैप्टन माही परघानिया और डिप्टी कैंपस कैप्टन श्रेया कोसरे को चुना गया। स्कूल परिषद में स्कूल के चार सदनों से एक बालक और एक बालिका कप्तान और उप-कप्तान होते हैं, जो नाइट्स, समुराई, स्पार्टन्स और वाइकिंग्स कहलाते हैं। सभी का नाम योद्धा वर्ग के नाम पर रखा गया है जो उनके सदनों द्वारा चुने गए।

## परिष्कृत कपड़े से बनाया जाता है 'जिमी चू फैब्रिक', इसे बांधना आसान

# तिजहारिनों की पसंद जयपुर व कोलकाता की 'जिमी चू फैब्रिक' जॉर्जेट शिफॉन की लाइट प्रिंट साड़ियों संग फिरोजाबाद का श्रृंगार

तीज-त्योहार का दौर शुरू होते ही कपड़ा मार्केट में इन दिनों तिजहारिनों की धमक बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए कपड़ा व्यावसाय से जुड़े लोगों ने उनके लिए जयपुर, गुजरात, कोलकाता सहित बनारस से भी साड़ियों की खेप मंगाने के बाद दुकान सजाए हैं। इनमें जिमी चू फैब्रिक व जॉर्जेट शिफॉन की साड़ियों को महिलाएं खास तौर से पसंद कर रही हैं। उन्हें कम रेंज में अच्छी क्वालिटी मिलने से मार्केट में रौनक लौटी है।



**रायपुर।** लोग बहनों के लिए साड़ी खरीदने के लिए अब पहुंचने लगे हैं। शहर के पंडरी कपड़ा मार्केट सहित गोलबाजार में भी इन दिनों सबसे ज्यादा पूछ-परख श्रृंगार सामग्री के साथ कपड़ों की है। रक्षाबंधन व तीज के चलते लोग भीड़ से बचने के लिए पहले से ही मार्केट में पहुंचने लगे हैं। इनमें खरीदी के लिए पहुंचने वाले ग्राहकों में महिलाओं की तादाद ज्यादा देखने को मिल रही है। इस बार भी तिजहारिनों के लिए बाजार में कम रेंज में बेहतर क्वालिटी की साड़ियों व सलवार सूट के साथ ही नए दौर की डिजाइनर्स साड़ियों की खेप शहर के प्रमुख बाजारों में व्यावसायी उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके चलते कपड़ा दुकानों में रौनक बढ़ने लगी है।

### रेशम व पॉलिएस्टर से तैयार साड़ी

एक अन्य व्यापारी सुरेन्द्र सिंह पाल ने बताया कि जॉर्जेट साड़ियां शिफॉन से ज्यादा हैवी होने के बाद भी पसंद की जा रही हैं। जॉर्जेट का कपड़ा रेशम और पॉलिएस्टर से बनाया जाता है। साथ ही शिफॉन या तो रेशम या सिंथेटिक फाइबर से भी इसे तैयार किया जाता है। इस तरह की शिफॉन साड़ियां हल्की होती हैं। इस बार गुजरात, जयपुर, कोलकाता से मंगाई गई साड़ियां 500 से 1500 की रेंज में है। महिलाओं के बजट में होने से इसे खरीदने में भी वे रुचि ले रही हैं। साथ ही बहू-बेटियों के लिए भी इसे खरीद रही हैं। इससे डिमांड बढ़ी है।

### मेहंदी की बढ़ी मांग

महिलाओं के साज-श्रृंगार का व्यावसाय करने वाले सलीम खान ने बताया कि इस बार तिजहारिनों के लिए दिल्ली व मुंबई ही नहीं बल्कि फिरोजाबाद से भी चूड़ी, कंगन और आर्टिफिशियल मंगलसूत्र, बिंदिया जैसी हर तरह की सामग्री मंगाई गई है। इसे सामान्य वर्ग की महिलाओं द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। वे कम रेंज में बेहतर श्रृंगार की सामग्री खरीदना पसंद करती हैं। इसे देखते हुए उनके लिए नेल पॉलिस से लेकर नेल कटर तक हर जरूरी सामान शॉप में उपलब्ध है। इस बार मेंहदी की मांग महिलाएं ज्यादा कर रही हैं।

### सलवार सूट के साथ नए पैटर्न में परिधान

इस बार तीज व रक्षाबंधन के लिहाज से बाजार में महिलाओं के लिए सलवार सूट, कुर्ती पैंट, कुर्ती प्लॉजो के साथ नए परिधान भी उपलब्ध कराए जा रहे है। डिमांड ज्यादा होने की वजह यह है कि शहरों में ज्यादातर महिलाएं कामकाजी हैं। इसके चलते वे ऐसे कपड़े खरीदना पसंद कर रही हैं, जो तीज-त्योहार ही नहीं बल्कि ऑफिस के लिए भी उपयोगी हो। इसे देखते हुए कॉटन व सिल्क के कपड़ों को ज्यादा पसंद कर रही हैं। इस बार बाजार में त्योहार को देखते हुए 700 से 1200 की रेंज में बेहतरीन क्वालिटी के कपड़े उन्हें मिल रहे हैं।



### चमकीले रंग रहेंगे चलन में



कपड़ा व्यापारी महेन्द्र आहूजा ने बताया कि जिमी चू फैब्रिक साड़ी को खरीदने में हर वर्ग की महिलाएं रुचि ले रही हैं। यह फैब्रिक परिष्कृत कपड़े से बनाया जाता है। यह छूने में मुलायम होता है और इसे अच्छी तरह से ड्रेप किया जा सकता है। टिकाऊ होने के साथ इसकी देखभाल करना भी आसान है। इसमें भी हल्की प्रिंट वाली साड़ियां पसंद की जा रही हैं। हालांकि मार्केट में हैवी एवं नार्मल दोनों ही तरह की साड़ियां उपलब्ध हैं। सावन में इस बार ब्राइट कलर साड़ियों को महिलाओं को भी खूब पसंद किया जा रहा हैं। पार्टी या फंक्शन में जाने के लिए महिलाओं को रास आ रही है।

## कोरोना काल में था काम का संकट

# बड़ी बहन संग देखता था सीरियल व फिल्म इंजीनियरिंग के दौरान ही चुन लिया अभिनय



छग के आयुष श्रीवास्तव शेमारू उमंग के शो 'श्मशान चंपा' में निभाएंगे मुख्य किरदार

**रायपुर।** बचपन में आपकी जिस चीज में अधिक दिलचस्पी होती है, आगे चलकर वहीं हमारा भविष्य बनाता है। मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। यह कहना है भिलाई के एक्टर आयुष श्रीवास्तव का, जो 20 अगस्त से शुरू हो रहे शेमारू उमंग के शो 'श्मशान चंपा' में मुख्य किरदार निभाएंगे। हरिभूमि से टेलीफोनिक साक्षात्कार में आयुष ने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान मैंने एक्टिंग के क्षेत्र में जाना तय कर लिया था। कॉलेज के दिनों में होने वाले फेस्ट में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करता था। उसी दौरान कॉन्फिडेंस आया था कि मुझे मुंबई जाकर मेहनत करनी चाहिए। 2016 में मुंबई जाकर काम की तलाश शुरू कर दी। एक साल बाद विज्ञापन के अलावा और दूसरे काम मिलने शुरू हो गए थे। कोरोना के दौरान मेरे लिए भी मुश्किल दौर था। आयुष ने बताया कि 2021 में लव, स्कैंडल एंड डॉक्टर्स थ्रिलर वेब सीरीज से पहचान मिली, जिसके बाद अभय-2, कलंक के अलावा अलीबाबा एक अंदाज अनदेखा चैप्टर-2 में खुसरो की भूमिका को काफी पसंद किया गया।

### अलौकिक चीजों की कहानी है श्मशान चंपा

*सेमारू उमंग शो श्मशान के निर्माता गुल खान है। इस शो ने अपने पहले प्रोमो में मोनालिसा, तृप्ति मिश्रा जैसे बड़े नामों की घोषणा के साथ दर्शकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। अपने किरदार को लेकर अभिनेता आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि विक्रम एक आधुनिक विचार वाला व्यक्ति है, जो विज्ञान और तर्क पर दृढ़ता से विश्वास रखता है और आज की दुनिया में ज्यादातर लोग इस सोच से मेल खाते हैं। हालांकि, उसका परिवार अलौकिक चीजों पर विश्वास करता है। जब वह चंपा से मिलता है, तो उसकी दुनिया बदल जाती है। मैं विक्रम की कहानी को जीवंत करने के लिए उत्साहित हूं और दर्शकों द्वारा इस रोमांचक अलौकिक कहानी 'श्मशान चंपा' के अनुभव और इसे लेकर उनकी प्रतिक्रिया को जानने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।*

### दीदी के साथ दिनभर देखता था फिल्म

आयुष का कहना है कि घर में सभी फिल्म देखने के शौकीन हैं। बचपन में दीदी और मैं फिल्म और सीरियल देखा करते थे। उसी समय से मुझे एक्टिंग का क्षेत्र पसंद आने लगा था। मेरा भाग्य साथ है। मुंबई आने से पहले जिस तरह का काम टीवी और फिल्मों में करना चाहता था मुझे वैसा ही काम मिला है। वेब सीरीज के बाद टीवी सीरियल में मुझे मेरे पसंद का किरदार मिला है। श्मशान चंपा शो सुपरनैचुरल थ्रिलर कहानी है, जिसमें काम करने में मजा आ रहा है।





# आदिवासी गीतों में दिखी लोक संस्कृति की मधुरता, उम्दा प्रस्तुतियां

**रायपुर।** असफलता से कभी हार नहीं माननी चाहिए। असफलता से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि भविष्य में और बेहतर अवसर मिलें। ये बातें आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने शनिवार को आंजनेय विवि के पहले स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल कहा कि कमजोर से कमजोर वर्ग की शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है, ताकि शिक्षा से कोई भी वंचित न रहे। कुलपति डॉ.टी.रामा राव ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी को अपने ज्ञान को सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाना है। इसके लिए संकल्पित होकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

### बॉलीवुड गीतों में ग्रुप डांस





स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी से लेकर बॉलीवुड फिल्मों के गानों और संगीत की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ के करमा नृत्य में लोक संस्कृति की मधुरता दिखाई दी। वहीं बॉलीवुड गीतों में ग्रुप डांस हुए। वर्षभर की अकादमिक, सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. प्रांजलि गनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारीगण, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## 'हर घर तिरंगा 3.0' अभियान को प्रमोट करने जिले में नई पहल

# ऑनलाइन दीजिए अर्जी, डॉक विभाग घर तक पहुंचाएगा तिरंगा 48 घंटे के भीतर पहुंचेंगे डाकिए, 13 अगस्त तक ही सुविधा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इस बार स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए डाक विभाग नई पहल कर रहा है। हर घर तिरंगा 3.0 अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज को लेने के लिए जो लोग बाजार नहीं जा सकते या सक्षम नहीं हैं। ऐसे लोगों के घर तक डाक विभाग तिरंगा पहुंचा रहा है। इसके लिए लोगों को डाक विभाग के ई-पोस्ट ऑफिस वेबसाइट पर ऑनलाइन तिरंगा की बुकिंग करनी होगी। इसके बाद क्षेत्र के डाकिया इस बार लोगों के घर तिरंगा पहुंचाने जाएंगे। यह सुविधा शहर के किसी भी क्षेत्र में रहने वालों को 48 घंटे में मिलेगी। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन तिरंगा की बुकिंग करते समय अपने एड्रेस की सही जानकारी देनी होगी। इस सुविधा का लाभ लोग 13 अगस्त तक ले सकते हैं। इसके बाद बुकिंग करने पर अवकाश की वजह इस सुविधा का लाभ लोगों को नहीं मिल पाएगा।





### 25 रुपए करना होगा भुगतान

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आम लोगों को डाक विभाग के ई-पोस्ट ऑफिस वेब साइट **www.epostoffice.gov.in** में लॉगिन करना होगा। तिरंगा की तय राशि 25 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करते हुए अपने निवास की सही जानकारी देनी होगी। तिरंगा बुकिंग की सुविधा का लाभ लोग 13 अगस्त तक ले सकते हैं। इस दौरान शहर के प्रधान डाकघर के अलावा गंज, शंकर नगर, पंडरी, टाटीबंध डाक काउंटर से भी लोग खरीद सकते है। इसके लोगों को प्रति तिरंगा के लिए तय 25 रुपए देना होगा।

### समय के साथ सेवा में विस्तार

डाक विभाग के अनुसार, लोगों की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ में 3908 डाकघर संचालित हैं। इनमें 10 प्रधान डाकघर व 342 उप डाकघर और 3556 शाखा डाकघर हैं। जहां से जुड़े लोगों को विभाग द्वारा पत्र व्यवहार सहित स्पीड पोस्ट जैसी कई तरह की सुविधा दी जाती है। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना प्रमुख है। समय के साथ विभाग ने सेवा में विस्तार करते हुए इस बार लोगों को हर घर तिरंगा से जोड़ने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करवाने पर घर पहुंच तिरंगा की सुविधा देना शुरू किया, इसका लाभ लोग प्रतिदिन ले रहे है।

### इन क्षेत्रों में भी मिलेगी सुविधा

इसी कड़ी में रायपुर संभाग के प्रमुख डाकघरों में रायपुर के अलावा धमतरी, महासमुंद के मुख्य डाकघर तथा बलौदाबाजार उप डाकघर, गरियाबंद उप डाकघर, सरायपाली उप डाकघर में भी तिरंगा उपलब्ध है। भाटापारा, नेवरा, पिथौरा, राजिम, अभनपुर के उप डाकघरों में भी प्रति नग 25 रुपए की दर से राष्ट्रीय ध्वज इस बार भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन डाकघरों से सावन में गंगाजल के साथ ही राखी भेजने के लिए विशेष डाक पेटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को डाकघर से जोड़ने में मदद मिले।

## सिटी स्पोर्ट्स

### देश भर की सिंधी प्रतिभाओं को मंच देने अखिल भारतीय सिंध शतरंज प्रतियोगिता आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा पूरे देश के सिंधी समाज की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाया जा रहा है। इस कड़ी में झूलेलाल धाम श्याम नगर रायपुर में 11 अगस्त रविवार को सिंधी समाज के देशभर के शतरंज के प्रतिभागी इकट्ठे हो रहे हैं।जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश के प्रतिभागी भी रायपुर पहुंच चुके हैं। उनके रहने खाने की व्यवस्था छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज व अनिल लाहौरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा यह प्रयास पूरे देश भर में रह रहे सिंधी समाज के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए किया जा रहा है ताकि उन्हें एक उचित मंच प्रदान किया जा सके। जिससे वह इस क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण कर सकें उन्हें हर तरह से प्रोत्साहन छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा दिया जाएगा। अब तक 250 प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होने हेतु आवेदन दे चुके हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए महेश दरयानी, सुभाष बजाज, अनिल लाहोरी, अमर चंदनानी, विनेश दौलतानी, परेश बुधवानी, गिरीश लहेजा और राजू चंदनानी आदि सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। रविवार 11 अगस्त को सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्वलन से आयोजन की शुरुआत होगी और शाम को प्रतियोगिता का निर्णय आने के बाद पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### कराते में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी रायपुर की दिलेर बेटियां



**रायपुर।** कराते इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से आगामी 16 से 18 अगस्त को इंदौर में वेस्ट जोन नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में रायपुर कबीरनगर की पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कराते कोच पद्मा ब्यौहार ने बताया कि विगत 28 जुलाई को भिलाई स्थित सेक्टर 9 के महिला महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के कराते खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता द्वारा किया गया, जिसमें सिद्धि साहू (कुमिते 54 किग्रा), कल्पना साहू (कुमिते 42 किग्रा), वेदिका अपराजित (कांता एवं टीम कांता), श्रीजल वर्मा (कांता एवं टीम कांता) तथा साक्षी श्रीवास्तव (जूनियर टीम कांता) का चयन हुआ है। यदि इनका चयन इंदौर में हो जाता है तब इन्हें दिल्ली में होने वाले इंटरजोन नेशनल चैंपियनशिप में खेलने का अवसर मिलेगा।

### इंटर स्टेट क्रिकेट में पुदुच्चेरी पहुंची छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इंटर स्टेट अंडर-19 मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 11 अगस्त 2024 से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा पुदुच्चेरी में आयोजित इंटर स्टेट अंडर-19 मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 में हिस्सा लेगी। टीम में नारायणपुर से यश कुमार वरदा, महासमुंद से आदित्य कुमार, भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन से गर्व कुमार सिंह, साहिल रजत शरीफ कैप्टन, आलोक गुप्ता, कुमार ईशान, भिलाई स्टील प्लांट से प्रथम याचक, आलोक कुमार, बिलासपुर से भूपेंद्र कुमार यादव उपकप्तान, विवेक यादव विकेटकीपर, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, अंकित कुमा,र रायपुर से राकेश कुमार, बस्तर से रुद्र प्रताप और दुर्ग से निखिल शर्मा शामिल है। पुदुच्चेरी री में 11 और 12 अगस्त छत्तीसगढ़ विरुद्ध पुदुच्चेरी, 14 और 15 अगस्त को छत्तीसगढ़ विरुद्ध पुदुच्चेरी और 17 और 18 अगस्त को छत्तीसगढ़ विरुद्ध विदर्भ मैच होगा। प्रतियोगिता का फाइनल 20 और 21 अगस्त को खेला जाएगा।



### जूडो में शामिल हुए 120 खिलाड़ी



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर , देवेंद्र नगर रायपुर में जिला स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता हुई। जिसमें धरसींवा , आरंग , अभनपुर और तिल्दा विकासखण्ड के 120 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। जूडो प्रतियोगिता में 14,17,19 आयु वर्ग के कुल 52 भार वजन में बालक/बालिका ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक पुरंदर मिश्रा एवं बालाजी स्कूल के अध्यक्ष जी स्वामी ने किया । सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 17 अगस्त को क्षैत्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में रायपुर जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

#### बारिश बच्चों के लिए लाती है मुसीबत भी

# इस मौसम में बच्चों में दिख रहे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकती है समस्याएं

बारिश के इस मौसम में कब्ज की समस्या सबसे ज्यादा बच्चों को होती है, क्योंकि वे अक्सर पोषण से भरपूर आहार से दूर भागते हैं और बाहर की चीजों का ज्यादा सेवन करते हैं। अक्सर लोगों को लगता है कब्ज बड़ों की बीमारी है लेकिन ऐसा है नहीं, छोटे बच्चों का जब पेट साफ नहीं होता, आंतों में खाना चिपक जाता है और पेट फूलने भी लगता है, तब उसे कब्ज की दिक्कत होती है। इसके पीछे कोई उम्र या एक कारण नहीं है। पेट या लिवर की समस्या, पानी कम पीना, अस्वस्थ भोजन करना, तली हुई चीजों का सेवन या फिर मैदा या जंक फूड पेट में जल्दी हजम नहीं हो पाते। ऐसे में वे अंदर की गंदगी बनकर जमा होने लगते हैं और फिर स्टूल पास करने में दिक्कत होती है। कई बच्चों की पाचन शक्ति बचपन से ही कमजोर होती है, इस वजह से भी यह परेशानी आती है। इसके अलावा कई और कारण भी इसमें शामिल हो सकते हैं, आजकल बच्चों को पढ़ाई का स्ट्रेस बहुत ज्यादा है, ऐसे में बाहर खेल कूद और एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं मिलता और यह बीमारी पनपने लगती है।

इसमें पेट में दर्द, पेट टाइट रहता है। स्टूल पास नहीं होता। सिर में दर्द, बदहजमी, पैरों में दर्द और पेट में गैस या एसिडिटी बनी रहती है।



### उपाय भी जान लें

अगर आप बच्चे को रोजाना गुनगुने दूध में एक केला मिलाकर दें तो उसका पेट साफ रहेगा। इसके अलावा दूध में हल्दी या शहद डालकर बच्चे को पिलाया जाए तो भी उसका पेट साफ होगा और स्टूल भी आसानी से हो जाएगा। बच्चों को सुबह या फिर दोपहर के भोजन में एक कटोरी भरकर सलाद या फल जरूर खिलाएं। ओट्स, मिलेटस की रोटियां, सूप, ईसबगोल आदि खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, इसलिए इनको बच्चों के आहार में अवश्य शामिल करें। आप रोजाना सुबह भीगी अंजीर या बादाम भी दूध में मिलाकर या फिर ऐसे ही बच्चे को दे सकती हैं। चाहें तो अंजीर को उबाल कर भी दे सकती हैं। इससे कब्ज में राहत मिलती है। जानकारों के अनुसार, बच्चों को रात में त्रिफला का चूर्ण पानी के साथ देने से भी उनका पेट साफ होता है और पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है।

### घी या तेल की मालिश

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रमाकांत द्विवेदी कहते हैं, जिन बच्चों की जठराग्नि बचपन से ही मंद होती है, उनकी पाचन क्रिया धीमी होती है और मल त्याग करने में दिक्कत आती है। अगर ऐसा है तो इस में घी या तेल की मालिश बहुत ही कारगर है, पेट या नाभि के आस-पास क्लॉक वाइज मालिश करने से आंतें खुलती हैं और स्टूल ढीला होता है, इसके अलावा गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने को दे सकती हैं और इसमें सिकाई भी बहुत काम आती है। कई बार बच्चे ज्यादा कुछ करना या खाना नहीं चाहते, ऐसे में पेरेंट्स को ही उसके उपाय करने होते हैं।



### कुछ बातों का खास ख्याल

व्यायाम करने से पाचन में मदद मिलती है और बिना किसी दिक्कत के पेट आसानी से साफ होता है। बच्चे के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक कोई फिजिकल एक्टिविटी या एक्सरसाइज करना जरूरी है। आप वॉकिंग, खेलना, योग, दौड़ना, डांस या एरोबिक्स आदि करा सकती हैं। दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से बच्चे को थोड़ा दूर रखें। मैदा, बाहर की चीजें, तेल, पिज्जा बर्गर, ये सारी चीजें आंतों में चिपक जाती हैं, इसलिए बच्चे के आहार को इनसे मुक्त रखें। बच्चों को खाने में ज्यादा फैट न दें, विटामिन युक्त भोजन ही दें। अगर लंबे समय तक यह समस्या बनी रहती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

---



## चैन की नींद के लिए इन चीजों से रहें दूर

वास्तु की मानें तो हम जिस वातावरण में सोते हैं वह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तु के प्रमुख पहलुओं में से एक यह है कि आप सोते समय कुछ वस्तुएं अपने आस-पास या सिरहाने न रखें।

दरअसल ऐसा माना जाता है कि सोते समय आपके आस-पास रखी चीजें नींद में बाधा बनती हैं और आपको वास्तु दोषों का सामना भी करना पड़ता है। सोते समय आपका आस-पास का वातावरण शांत होना छाइये और आपके पास माध्यम रोधनी होनी चाहिए जिससे किसी तरह का दुष्प्रभाव न पड़े। ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी बता रहे हैं वास्तु के अनुसार आपको कौन सी चीजें अपने आस-पास नहीं रखनी चाहिए।

### सोते समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पास न रखें

वास्तु-अनुरूप बेडरूम का माहौल बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उस स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रबंधन करना है। स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट विद्युत चुम्बकीय विकिरण उत्सर्जित करते हैं, जो आपकी नींद के पैटर्न को बाधित कर सकते हैं और आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार इन उपकरणों को सोने वाले स्थान से दूर



रखना चाहिए। इन गैजेट्स द्वारा उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र आपके घर में वास्तु दोष का कारण माना जाता है।

### सोते समय किताबें और जरूरी कागजात न रखें पास

हम अक्सर किताबें पढ़ते हुए सो जाते हैं और ये हमारे सोने के स्थान पर रखी रहती हैं। यदि हम वास्तु की मानें तो आपको किताबें कभी सोने वाले स्थान के आस-पास नहीं रखनी चाहिए। यही नहीं आपको कोई भी जरूरी कागज़ जैसे कोई बिल या फिर ऐसा कोई कागज़ जिसमें आपके काम का कोई भी नोट लिखा हो उसे आस-पास नहीं रखना चाहिए। इससे वास्तु दोष होता है। इससे आपकी नींद में बाधा आती है और बौद्धिक विकास में भी बाधा आती है।

### सोते समय नुकीली चीजें न रखें आस-पास

आपको कभी भी सोने के स्थान पर कैंची, चाकू और अन्य नुकीली चीजें नहीं रखनी चाहिए। वास्तु शास्त्र इन वस्तुओं को नकारात्मक ऊर्जा के स्रोत के रूप में देखता है जो आपके जीवन में तनाव और चिंता पैदा कर सकते हैं।

---

## क्या घर में रख सकते हैं पाञ्चजन्य शंख?

पाञ्चजन्य शंख को विजय, शक्ति और धर्म का प्रतीक माना जाता है। यह सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है। अब ऐसे में पाञ्चजन्य शंख को घर में रखा जा सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं या नहीं ?

हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है। पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार शंख को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में रखें। इससे व्यक्ति को वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए अगर आप घर में पाञ्चजन्य शंख को रख रहे हैं, तो विधिवत रूप से पूजा-पाठ करने के बाद ही रखें।



### पाञ्चजन्य शंख का महत्व क्या है?

पाञ्चजन्य शंख को घर में रखने से वास्तु दोष से छुटकारा मिल जाता है। वहीं इस शंख को बजाने से व्यक्ति के घर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही पारिवारिक कलह-क्लेश से भी मुक्ति मिल जाती है। पाञ्चजन्य शंख को भगवान विष्णु का चिह्न बताया गया है। इसलिए ऐसी मान्यता है कि इसे घर में रखने से व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है।

## तनाव दूर करने आपके लिए मददगार होगी चिन्मय मुद्रा

यूं तो हम सभी हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहना चाहते हैं। लेकिन, फिर भी न चाहते हुए, तनाव कहीं न कहीं से आकर हमें घेर लेता है। आपको एक ऐसी मुद्रा के बारे जानना चाहिए, तो तनाव दूर करने के साथ, शरीर को अन्य कई फायदे भी पहुंचाती है। इसे करने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी योगा टीचर दिलराज प्रीत कौर दे रही हैं।

### तनाव कम करने के लिए


इसे करने के लिए सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं।आप इसे वज्रासन में बैठकर भी कर सकती हैं। अब अपने अंगूठे की टिप से इंडेक्स फिंगर की टिप को छुएं।इससे एक



सर्किल बनेगा। बाकी तीन उंगलियों को हथेली की तरफ मोड़ें।हाथों को जांघों पर टिका लें।ऐसा करते हुए, गहरी सांस लें और छोड़ें।

### चिन्मय मुद्रा को करने के फायदे

इसे करने से फोकस में सुधार होता है। यह मुद्रा, लाइफ एनर्जी यानी प्राण के प्रवाह को शरीर की तरफ बढ़ाती है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस हेम्सवर्थ ने अपने बच्चों को दिया क्यूट हेयर स्टाइल



हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ ने अपने दस वर्षीय जुड़वां बेटों, साशा और ट्रिस्टन को नया हेयर स्टाइल दिया है, इस पल को क्रिस ने अपने कैमरे में कैद किया और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

मार्वल सुपरहीरो थॉर के नाम से मशहूर अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ ने कई फिल्मों में शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। लेकिन अवेंजर्स की फिल्मों में 'थॉर' के किरदार से क्रिस विदेश में ही नहीं बल्कि हर एक देश में प्रसिद्ध हो चुके हैं। क्रिस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपने दोनों जुड़वा बेटों की तस्वीर और वीडियो साझा की हैं, जिसमें दोनों ही बच्चे नए हेयर स्टाइल में नजर आ रहे हैं। यही नहीं बल्कि क्रिस ने अपने दोनों जुड़वा बच्चों के हेयरकट की जिम्मेदारी भी खुद पर ली है।

फोटो में क्रिस के दोनों बेटे साशा और ट्रिस्टन बहुत ज्यादा उत्साहित दिख रहे हैं। दोनों इस नई हेयर स्टाइल में बेहद क्यूट दिख रहे हैं। क्रिस ने इस पोस्ट पर एक मजाकिया कैप्शन लिखा, ₹हेयरड्रेसिंग हमेशा से मेरा सच्चा जुनून रहा है।₹ अब क्रिस की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया पर लगातार सेलेब्स और नेटिजन्स कमेंट कर अपनी राय साझा कर रहे हैं। रेडियो स्टार लॉरेन फिलिप्स ने लिखा, ₹हेम्सवर्थ सिजरहैंड्सर₹। इस्ला फिशर ने लिखा, ₹हाहाहाहाहा।₹ वहीं क्रिस के एक प्रशंसक ने लिखा, ₹यही कारण है कि थॉर रो रहा था₹ एक और फैन ने लिखा, ₹सौभाग्य से उनके लिए, भयानक बाल कटाना नया फैशन है।₹

क्रिस का पूरा नाम क्रिस्टोफर हेम्सवर्थ है।

### टॉलीवुड

## फहद फासिल ने दिया सरप्राइज, 'वेट्टैयन' से फर्स्ट लुक पोस्टर जारी



टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म अक्तूबर के महीने में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही फहद फासिल भी दमदार किरदार से दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। मॉलीवुड स्टार फहद आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर निर्माताओं ने फिल्म का इंतजार कर रहे प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'वेट्टैयन से फहद का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हो गया है। मॉलीवुड पावरहाउस के जन्मदिन के विशेष अवसर पर, उनकी आगामी तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट-लुक पोस्टर साझा किया। अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, निर्माताओं ने लिखा, 'टीम वेट्टैयन हमारे प्रिय फहद फासिल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देती है। आपकी कलात्मकता और समर्पण चरित्रों को जीवंत कर देते हैं। यह वर्ष और भी अधिक अविश्वसनीय भूमिकाएं और सफलता लेकर आए।'नए पोस्टर में फहद फासिल मुस्कुराते हुए और किसी की ओर हाथ हिलाते हुए नजर आ रहे हैं। हरे रंग की फूलों वाली शर्ट पहने हुए, अभिनेता के नए लुक ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है, क्योंकि वह पहली बार सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देने वाले हैं। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, फहद 'वेट्टैयन' में एक हास्य भूमिका निभाएंगे। अपनी गंभीर भूमिकाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले अभिनेता पुलिस एक्शन ड्रामा में एक अलग अवतार में दिखाई देंगे। उनका मजाकिया किरदार आमतौर पर तमिल फिल्मों में निभाई जाने वाली खलनायक भूमिकाओं से अलग होगा।

### छॉलीवुड

## 'खुशियों की हरेली' ने किया भावुक, दिया सार्थक संदेश



हाल ही में हरेली त्यौहार के मौके पर रिलीज हुई लघु फिल्म 'खुशियों की हरेली' को लोगों ने खूब पसंद किया। इस लघु फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता विनायक अग्रवाल का कहना है कि यह केवल एक फिल्म नहीं है बल्कि यह हमारे यहां मनाए जाने वाले त्योहार के रीति रिवाज को भी दर्शाता है साथ ही साथ शासन के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अपने सपने पूरा करने हेतु पलायन को रोकते हुए उनके सपनों को पूरा करने जैसे सामाजिक दायित्व को भी पूरे होते दिखा रहा है। विनायक अग्रवाल का कहना है कि इस लघु फिल्म में खास तौर पर त्यौहार के दिनों में माता-पिता की उन भावनाओं को दर्शाया गया है जब उनके बेटा अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपना घर परिवार गांव छोड़कर कहीं और रहने लगा है। तब मां-बाप अपने बेटे के साथ बिताये क्षणों को याद करते है तो दुख और क्षोभ से मन व्यथित हो जाता है और तब माता पिता फैसला लेते है और अपनी संतान के सपने को पूरा करने संघर्ष करने आगे बढ़ कर इसमें सहयोगी बनते हैं। विनायक अग्रवाल के मुताबिक इस लघु फिल्म में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की ठेठ घोषणा नहीं की गई है बल्कि त्योहार के पारंपरिक रीति रिवाज के साथ-साथ परिवार के रिश्ते के मार्मिक क्षणों को दर्शाते हुए कुशलता के साथ सरकार की घोषणा को विज्ञापित करने का प्रयास किया गया है।

## इटली-वियतनाम का हुस्न साथ-साथ




मिस यूनिवर्स इटली 2021 कैटरिना डि फूशिया ने पिछले दिनों वियतनामी मॉडलों के साथ रैम्प में भागादारी दी। मौका था वियतनामी-इटली राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ पर इतालवी शहर वेनिस में प्रसिद्ध डिजाइनर होआंग हाई द्वारा आयोजित फैशन शो का। वियतनामी डिजाइनर के इतालवी फैशन शो में विदेशी सुंदरता और निखर कर आई है। शो की शुरुआत "आर्मोनिया" थीम के साथ हुई और इसमें 2018 की शीर्ष-5 मिस यूनिवर्स एच'हेन नी (बाएं) और मिस यूनिवर्स इटली 2021 कैटरिना डि फूशिया (दाएं) ने साथ-साथ अपने जलवे बिखेरे।

## केले से आपके चेहरे को मिलेगा इंस्टेंट ग्लो



लगातार बदल रहे मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ रहा है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का खास ध्यान रख रहे हैं। इसके लिए बहुत से लोग स्किन ट्रीटमेंट के लिए पार्लर भी जाते हैं। पार्लर में मिलने वाले स्किन ट्रीटमेंट से ग्लो तो आ जाता है लेकिन इसका असर कुछ लिमिटेड समय के लिए ही होता है। केले से स्किन केयर में आपके ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं होंगे और आपको दमकता चेहरा भी मिल जाएगा। केले की मदद से इन फेसपैक को बनाना बेहद आसान है। इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले से पहले केले को मैश कर लें। इसके बाद इसमें 1 चम्मच नीम का पाउडर या पेस्ट डालें। साथ ही 1 छोटा चम्मच हल्दी भी मिक्स कर लें। अब इस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसी तरह एक और फेस पैक के लिए केले को मैश कर लें, फिर इसमें खीरा और पपीता भी मैश करके डालें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

### केले और दही का फेस पैक-

एक पका हुआ केला लें और उसमें दही मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें. ऐसा करने से सन टैन दूर हो जाता है। इससे चेहरा भी तरोताजा और चमकदार हो जाता है। इससे त्वचा को नमी मिलती है और त्वचा का रूखापन दूर होता है। आपको इसे लगाने के बाद स्किन सॉफ्ट महसूस होती है।

### केला और शहद-

जैसा कि हम जानते हैं कि केले और शहद में कई पोषक तत्व होते हैं, एक कटोरे में केला लें और टुकड़ों में काट लें। केले में एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिला लीजिए। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 20 मिनट तक सूखने दें और फिर चेहरे और गर्दन को ठंडे पानी से साफ कर लें।

## स्लिम लुक के लिए अपनाएं सिल्क साड़ी के नए डिजाइंस




किसी भी त्यौहार, शादियों और अन्य अवसर महिलाओं के लिए बेहद खास होते है। ऐसे मौके पर ज्यादातर साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। ऐसे खास दिन अपने लुक को सबसे अलग रखना चाहती हैं तो सिल्क डिजाइन की साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी।

### फुल वर्क बनारसी सिल्क साड़ी



लैवेंडर कलर आजकल काफी चलन में है और इस सिल्क साड़ी को डिजाइनर जरी बनारस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोल्डन या ग्रीन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क सिल्क साड़ी

मिनिमल डिजाइन की सिल्क साड़ी को स्टाइल करना चाहती हैं तो यह चौड़े बॉर्डर वाली यह साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस खूबसूरत सिल्क साड़ी को डिजाइनर ब्रांड सोहो बेगम द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी के साथ आप टेम्पल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों में बन हेयर स्टाइल बनाकर गजरे की मदद से आकर्षक लुक दे सकती हैं।

### पटोला डिजाइन सिल्क साड़ी

अगर आप कम वजन में भरी हुई साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके की प्रिंटेड पटोला साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर ब्रांड डी संस पटोला आर्ट द्वारा डिजाइन की गई है। इस तरह की साड़ी के साथ आप सिंपल स्लीक हेयर बन बना सकती हैं। साथ ही ज्वेलरी के लिए आप कानों में झुमकी इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

### सिल्क डिजाइन साड़ी

क्लासी और एवरग्रीन लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके की सिल्क साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी।

## ब्लाउज सिलवाने से पहले टेलर को बता दें ये बातें, हमेशा सही आएगी फिटिंग



साड़ी हो या लहंगा अगर ब्लाउज अच्छे से सिला हुआ नहीं है, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसे लेकर कई बार आपको परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। कई बार फिटिंग खराब होने के कारण वार्डरोब मालफंक्शन होने का खतरा भी बना रहता है। हालांकि, टेलर के पास ब्लाउज सिलवाने देने से पहले भी आपके पास कई तरीके होते हैं जिनकी मदद से आप ब्लाउज की फिटिंग ठीक करवा सकती हैं। आपको ब्लाउज सिलवाने से पहले टेलर को कुछ इंस्ट्रक्शन देनें होंगे और डिजाइन सिलेक्ट करने से पहले भी ध्यान देना होगा।


### नेकलाइन डिजाइन के हिसाब से कितनी डीप चाहिए

कई बार महिलाएं इसका फैसला टेलर पर ही छोड़ देती हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए, हो सकता है कि आपने बैकलेस या फिर डीप नेकलाइन वाली कोई डिजाइन चुनी हो, लेकिन आपकी बॉडी के हिसाब से उसके मेजरमेंट बदल गए हों। आपने जो भी शेप चुना हो फ्रंट और बैक नेक कितना डीप होना चाहिए और कितने में आप कंफर्टेबल हैं इसकी जानकारी जरूर दें।

### स्लीव्स की फिटिंग कम से कम दो बार करवाएं

आर्महोल से लेकर स्लीव्स के फुल डायामीटर तक, कई बार सिर्फ सिंगल फिटिंग लेने की वजह से यह ज्यादा टाइट या फिर ढीली हो जाती हैं। आपको यही नहीं करना है और अपनी फिटिंग कम से कम दो बार करवानी है। स्लीव्स की फिटिंग करवाते समय कम से कम आधे सेंटीमीटर का मार्जिन भी रखवाएं।

## चंद दिनों में होगी मोटी और घनी आई ब्रो



कई महिलाएं आई ब्रो को घना बनाने के लिए माइक्रोब्लेडिंग और लेमिनेशन का सहारा भी लेती हैं। यह ट्रीटमेंट एकदम लास्ट ऑप्शन हो सकते हैं, लेकिन उससे पहले जरूरी है कि घर पर ऐसी चीजों को ट्राई करें जो सुरक्षित भी हैं और आपकी समस्या का हल भी। हम आपको ऐसे दो घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से आई ब्रो को मोटा और घना बनाना आसान होगा। आप नारियल के तेल और प्याज के बीज की मदद से आंखों को घना और मोटा बना सकती हैं।

### क्यों होती हैं आई ब्रो पतली?

कई बार ओवर प्लकिंग के कारण भी आई ब्रो पतली होने लगती हैं। इसके अलावा कई सारे कारण होते हैं जिनकी वजह से आपकी आई ब्रो पतली हो जाती है। जेनेटिक्स, इंफेक्शन या स्किन की किसी गंभीर कंडीशन की वजह से कई महिलाओं की आई ब्रो खराब होती जाती हैं। वहीं, स्ट्रेस और एंग्जायटी भी हेयर लॉस का कारण बनता है।

### आई ब्रो को घना बनाने के लिए नारियल तेल के फायदे

क्या वाकई नारियल का तेल आई ब्रो को बढ़ाने और घना बनाने में मदद करता है, तो इसका जवाब है- हां। नारियल के तेल में आपकी आई ब्रो को स्वस्थ रखने के लिए मॉइश्चराइजिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं,जो आई ब्रो को नमी और पोषण देते हैं। इसे बाल घने और मोटे होते हैं। साथ ही, इसमें ऐसे एंटीबैक्टीरियल गुण भी हैं, तो किसी तरह के इंफेक्शन को रोककर आई ब्रो को ग्रो करने में मदद करते हैं।

### आई ब्रो को घना बनाने के लिए नारियल तेल कैसे लगाएं

नारियल तेल को बहुत हल्का-सा गुनगुना करें। इसके बाद उसमें क्यू टिप या कॉटन स्वाब डुबोएं। कॉटन स्वाब को निचोड़कर आई ब्रो पर लगाएं और बालों के बढ़ने की दिशा में धीरे से फैलाएं।

**कार्नर न्यूज**

### घर से बाहर लंबे समय के लिए जाना है तो अपनी त्वचा का रखें खास ख्याल


## सफर के दौरान ग्लोइंग त्वचा का रखें ध्यान, वरना स्किन भी करेगी 'सफर'

*शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे घूमना-फिरना पसंद नहीं होगा। आज के समय में तो जैसे ही लोगों को अपने व्यस्त जीवन से थोड़ी सी राहत मिलती है तो वो अपने परिवार संग घूमने निकल जाते हैं। ठीक इसी तरह बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाशते रहते हैं। घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। दरअसल, सफर के दौरान मिलने वाली धूप, धूल, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ता है।*



### साथ में रखें ट्रैवल साइज स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो भी उन स्किन केयर प्रोडक्ट्स को हमेशा अपने साथ ही रखें। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते तो आपको इसके लिए बाजार में पैकेट्स मिल जाएंगे, जिनमें आप अपने प्रोडक्ट कैरी कर सकते हैं।



### साथ में रखें मॉइस्चराइजर

अपने साथ हर हालत में मॉइस्चराइजर जरूर रखें। दरअसल, बदलते मौसम की वजह से त्वचा की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी स्किन को सही रखने में मदद करेगा।

### इस्तेमाल करते रहें सनस्क्रीन

भले ही आप रोड ट्रिप पर हों लेकिन तब भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

### शीट मास्क को रखें पास

अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखें। ये स्किन को हाइड्रेट तो करता ही है और साथ में चेहरे को इंस्टेंट ग्लो देता है। इसका इस्तेमाल आप ट्रेन और बस में भी कर सकती हैं।